(*a*) whether it is a fact that the pro-Pakistani elements in Jammu & Kashmir have become more active ; and

(*b*) if so, the measures adopted to check them ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Hathi): (*a*) and (*b*). It is correct that from the commencement of this year, various schools of political opinion in Jammu & Kashmir, including some which favour Pakistan, have become more vocal in Jammu and Kashmir. The State Government are alive to the situation and are taking all necessary measures to maintain law and order and preserve the public peace.

सम्बन्ध विच्छेदात्मक वक्तव्य

डा० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी :
श्री यशपालसिंह :
श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती :
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :
श्री हुकमचन्द कछवाय :

*77. श्री विभूति मिश्र :
श्री क० ना० तिवारी :
श्री श्याम लाल सर्राफ :
श्री द्वा० ना० तिवारी :
श्री तन सिंह :
श्री इ० मधुसूदन राव :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को किन्हीं ऐसे वक्तव्यों की जानकारी है जो देश से कुछ भागों के सम्बंध विच्छेद के सिलसिले में, विशेषकर काश्मीर के बारे में, पिछले साढ़े तीन महीनों में एक या अधिक भारतीय राष्ट्रजनों द्वारा बार-बार दिये गये ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करना वांछनीय समझती है ?

गृह-कार्य मन्त्री (श्री नन्दा) : (क) और (ख). हाल ही में काश्मीर के मामले पर राजनैतिक दलों के सदस्यों तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा कुछ विचार प्रकट किये गये हैं। भारत सरकार का विचार है कि ये वक्तव्य इस प्रश्न की सार्वजनिक चर्चा में सद्भावपूर्वक किये गये योगदान हैं और, इसलिये, इस समय किसी कार्यवाही की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है।

वैज्ञानिक अनुसन्धान

*78. **महाराजकुमार विजय आनन्द** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार का विचार वैमानिक अनुसंधान के लिये एक विंड टनल खरीदने का है ;

(ख) यदि हां, तो उसकी कुल लागत क्या होगी ;

(ग) इन उपकरणों की खरीद के लिये सरकार वित्तीय-व्यवस्था कैसे कर रही है ; और

(घ) उपकरणों की अन्तिम डिलीवरी कब तक होगी ?

शिक्षा मन्त्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी हां, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद ने मैसर्स कनाडियन विकर्स लिमिटेड मोनट्रियल, (कनाडा) को, नेशनल एरोनोटिकल, लेबोरेटरी बंगलौर के विंड टनल केन्द्र पर एक 4 फुट × 4 फुट ट्रिसोनिक विंड टनल के डिजाइन, निर्माण, पूर्ति तथा स्थापन का ठेका दिया है।

(ख) विंड टनल की कुल लागत करीब 220 लाख रुपए होगी। जिसकी विदेशी मुद्रा करीब 187 लाख रुपए (4.2 दस लाख कनाडियन डालर)।

(ग) विंड टनल के उपकरणों की खरीद में 4.2 दस लाख कनाडियन डालर का वित्त काम आएगा जो एक्सपोर्ट क्रेडिट्स इंशोरेंस कोर्पोरेशन आफ कनाडा, ओटावा, द्वारा दिया जाएगा।

(घ) उम्मीद है कि विंड टनल, परीक्षण तथा प्रवर्तन के वास्ते, जुलाई, 1966 तक तैयार हो जाएगा।

अवैध रूप से प्रवेश करने वाले पाकिस्तानी

*79. श्री विश्वनाथ राय :
श्री बाल कृष्ण सिंह :
श्री हरि विष्णु कामत :
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :
श्री यशपाल सिंह :
श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती :
श्री दी० चं० शर्मा :
श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री हेम राज :
श्री हरिश्चन्द्र माथुर :
श्री श्यामलाल सर्राफ :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :
श्री नि० रं० लास्कर :
श्री बड़े :
श्री स्वैल :
श्री बागड़ी :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अवैध रूप से प्रवेश करने वाले पाकिस्तानियों को वापस भेजने के लिये प्रभावकारी कदम उठाये गये हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इस दिशा में अब तक क्या प्रगति हुई है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री हाथी) : (क) जी हां ।

(ख) 1964 में (जून तक) अवैध रूप से प्रवेश करने वाले कुल 39,225 पाकिस्तानियों को भारत से निकाला गया ।

राज्य केन्द्र समन्वय

*80. **श्री हरिश्चन्द्र माथुर** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राज्यों से केन्द्र को भेजे जाना वाला कार्य बढता जा रहा है और इसके परिणामस्वरूप पर्याप्त मात्रा में दुहरा काम हो रहा है ;

(ख) क्या इस विषय पर कोई अध्ययन किया गया है अथवा किया जायेगा ; और

(ग) यदि हां, तो दुहरा काम खत्म करने, अनावश्यक निर्देश न करने और ऊपर से मंजूरी लेने की आवश्यकता को समाप्त करने के लिये क्या प्रयत्न किये जा रहे हैं ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री हाथी): (क) और (ख). जब कि केन्द्र ने कुछ अतिरिक्त क्रियायें ले ली हैं, केन्द्र से राज्यों को भी काम का हस्तान्तरण हुआ है । इस द्वि-मार्गीय प्रक्रिया के वास्तविक परिणाम के बारे में निश्चित विवरण एक व्यापक समीक्षा के बाद ही दिया जा सकता

है। ऐसी समीक्षा अभी तक नहीं की गई है। इस समस्या को प्रशासन सुधार विभाग के अध्ययनों के कार्य-क्रम में शामिल करने पर विचार किया जायेगा।

(ग) जब कभी किसी विशेष क्षेत्र में दुहरे काम करने और अनावश्यक निर्देश करने या मंजूरी लेने के उदाहरण देखने में आते हैं तो उनकी आवश्यकता को समाप्त करने के लिये तुरन्त कदम उठाये जाते हैं।

'सर्वोदय टापिकल्स' में भारत के नक्शे का प्रकाशन

*81. श्री हरि विष्णु कामत :
श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका ध्यान सर्व सेवा संघ प्रकाशन के हाल के एक प्रकाशन "सर्वोदय टापीकल्स" की ओर दिलाया गया है जिसमें जम्मू तथा काश्मीर राज्य को भारतीय संघ से पृथक राज्य-क्षेत्र के रूप में दिखाया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री हाथी) : (क) तथा (ख). सर्व सेवा संघ वाराणसी द्वारा प्रकाशित "सर्वोदय टापीकल्स" नाम की पुस्तिका के सम्बंध में जानकारी भारत सरकार को प्राप्त है। सरकार इस बात से संतुष्ट है कि क्योंकि यह पुस्तिका जम्मू और काश्मीर की समस्या के बारे में है, वह राज्य इसके परिशिष्ट II में छपे भारत के मान चित्र पर खास तोर से दिखाया गया है, और इस बात से भी कि प्रकाशकों का इरादा जम्मू और काश्मीर को भारत से अलग दिखाने का नहीं था।

उर्वरकों का उत्पादन

*82. श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री धुलेश्वर मीना :
श्री रामेश्वर टांटिया :
श्री बिशन चन्द्र सेठ :
श्री भी० प्र० यादव :
श्री धवन :
डा० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी :

क्या पैट्रोलियम और रसायन मंत्री 29 अप्रैल, 1964 के तारांकित प्रश्न संख्या 1248 के उत्तर के सम्बंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में उर्वरकों की और अधिक उत्पादन क्षमता कायम न करने के प्रस्तावों की इस बीच जांच कर ली गई है ;

(ख) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला ;

(ग) क्या राजस्थान में एक उर्वरक कारखाना स्थापित करने के प्रस्ताव पर भी इस बीच विचार किया गया है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला ?

पैट्रोलियम और रसायन मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अलगेसन) : (क) और (ख). चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में उर्वरकों के उत्पादन में और अधिक क्षमता कायम रखने के लिए विशिष्ट नई स्कीमों की अभी जांच हो रही है ।

(ग) और (घ). प्रस्ताव अभी विचाराधीन है ।

गुजराती-अंग्रेजी अनुवाद परीक्षा पत्र

*83. **श्री रिशांग किशिंग** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात सरकार ने राज्य की कुछ प्रतियोगिता परीक्षाओं में गुजराती से अंग्रेजी और अंग्रेजी से गुजराती में अनुवाद का एक अनिवार्य परीक्षा-पत्र रखा है ;

(ख) यदि हां, तो क्या संघ सरकार द्वारा इस दिशा में कुछ आदेश राज्य सरकार को दिये गये हैं ; और

(ग) इस सम्बंध में गुजरात सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री जयसुखलाल हाथी) : (क) से (ग). इस मामले पर गृह मंत्री की अध्यक्षता में हुई पश्चिम आंचलिक परिषद की पिछली बैठक में विचार किया गया। गुजरात के मुख्य मंत्री ने यह स्वीकार किया कि भाषा संबंधी बाधा हटा दी जाएगी और राज्य की सरकारी भाषा में प्रवीणता की परीक्षा चुनाव के बाद और परिवीक्षा अवधि की समाप्ति से पहले होगी ।

गुजरात के भूतपूर्व इंस्पेक्टर जनरल आफ़ पुलिस

*84. **श्री मानसिंह पृ० पटेल :**
श्री सुरेन्द्रपाल सिंह :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गुजरात सरकार ने राज्य के भूतपूर्व इंस्पेक्टर जनरल आफ़ पुलिस के विरुद्ध भ्रष्टाचार निरोध अधिनियम के अन्तर्गत विभिन्न अपराधों के लिये मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी है ;

(ख) यदि हां, तो अपराधों की संख्या कितनी है और वे किन किन तारीखों को किये गये थे ; और

(ग) इसके बारे में केन्द्रीय सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री हाथी) : (क) जी हां ।

(ख) ये अपराध भ्रष्टाचार निरोध अधिनियम, १९४७ की धारा ५(२) के साथ धारा ५(१) (ग) और ५(१) (घ) के अन्तर्गत मई से जुलाई, १९६१ के बीच की अवधि में किये गये बतलाये गये हैं ।

(ग) केन्द्रीय सरकार को परामर्श दिया गया है कि उपरोक्त अपराधों के लिये मुकदमा चलाने की अनुमति देने के लिये पर्याप्त आधार नहीं है और फलतः यह निर्णय किया गया है कि वह अनुमति नहीं दी जानी चाहिये ।

अध्यापन यन्त्र

*85. श्री यशपाल सिंह :
श्री विश्राम प्रसाद :
श्रीमती सावित्री निगम :
श्री म० ला० द्विवेदी :
श्री स० चं० सामन्त :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली विश्वविद्यालय की "फैकल्टी आफ आर्टस" के डीन हाल ही में अमरीका गये थे और उन्होंने वहां अध्ययन कार्यों के लिये प्रयुक्त यंत्रों का अध्ययन किया था ;

(ख) यदि हां, तो क्या उन्होंने इस प्रकार के यंत्रों को भारत में चालू करने की सिफारिश की है; और

(ग) इन सिफारिशों पर क्या कार्यवाही की जाने वाली है ?

शिक्षा मन्त्री (श्री मु० क० चागला) : (क) दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय के डीन ने अध्यापक-शिक्षा कार्यक्रमों के अध्ययन के लिए अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान कुछ ऐसे केन्द्र भी देखे जहां अध्ययन कार्यों के लिए अध्यापन-यंत्रों को प्रयुक्त किया जाता है ।

(ख) अभी तक ऐसी कोई सिफारिश नहीं की है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

पूर्वी पाकिस्तान से आये हुए शरणार्थियों का 'श्रमिक बल'

*86. डा० रानेन सेन :
श्री विश्राम प्रसाद :
श्री दीनेन भट्टाचार्य :
श्री रामेश्वर टांटिया :
श्री बिशन चन्द्र सेठ :
श्री भी० प्र० यादव :
श्री धवन :
श्री इन्द्रजीत गुप्त :
श्री यशपाल सिंह :
श्री मुहम्मद इलियास :
श्रीमती ज्योत्सना चन्दा :
श्री गोकुलानन्द महन्ती :

क्या पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का पूर्वी पाकिस्तान से हाल ही में आये शरणार्थियों का एक 'स्थायी श्रमिक बल' स्थापित करने का विचार है ;

(ख) यदि हां, तो इस योजना की मुख्य बातें क्या हैं ; और

(ग) क्या इस बारे में पश्चिम बंगाल सरकार से विचार-विमर्श किया गया है और यदि हां, तो पश्चिम बंगाल सरकार की इस बारे में क्या प्रतिक्रियें हैं ?

पुनर्वास मन्त्री (श्री त्यागी) : (क) जी हां । पूर्वी पाकिस्तान से आने वाले शरणार्थियों में से समर्थ शरीर वाले व्यक्तियों का एक श्रमिक बल स्थापित करने का निर्णय किया जा चुका है जिस का नाम राष्ट्रीय विकास दल होगा । दल मुख्यत: विकास संबंधी तथा रचनात्मक ढंग का कार्य करेगा जैसे कि सड़कें बनाना, बन साफ करना, भूमि सुधार, भूमि संरक्षण, टैन्कों को खुदाई, पानी की नालियों की खुदाई तथा राजगीरी कार्य आदि ।

(ख) एक विवरण जिसमें योजना की खास खास बातें दी गई हैं, सभा की मेज पर रख दिया गया है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 3026/64]

(ग) सभी राज्य सरकारों को इस प्रस्ताव की सूचना दे दी गई है ।

Political Set-up of Delhi

* 87. **Shri Naval Prabhakar :**
Shri Rameshwar Tantia :
Shri Bishanchander Seth :
Shri B. P. Yadava :
Shri Dhaon :
Shri Prakash Vir Shastri :
Shri Yashpal Singh :
Shri Jagdev Singh Siddhanti :
Shri Vishram Prasad :
Shri Bade :
Shri Ramachandra Ulaka :
Shri Dhuleshwar Meena :
Shri P. K. Deo :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the future political set-up of Delhi has been finalised ;

(b) if so, the outline thereof ; and

(c) when that set-up will come into existence ?

The Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shri L.N. Mishra) : (a) to (c). The scheme has not yet been finalised.

Indian Office Library

Shri M. L. Dwivedi :
Shrimati Savitri Nigam :
Shri S. C. Samanta :
Shri Subodh Hansda :
Shri Surendra Pal Singh :
Shri Bishanchander Seth :
Shri Rameshwar Tantia :

86. Shri B. P. Yadava :
Shri Dhaon :
Shri Vishram Prasad :
Shri P. C. Borooah :
Shri Bagri :
Shri Vidya Charan Shukla :
Shri D. D. Mantri :
Shri Bibhuti Mishra :
Shri K. N. Tiwary :
Shri Vishwa Nath Pandey :
Shri N. R. Laskar :
Shri Gokulananda Mohanty :

Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) the progress made in regard to the transfer of India Office Library, London ;

(b) the conditions the British Government have attached to the transfer of this Library to India and the reaction of Government thereto ; and

(c) when the final decision is likely to be taken in regard to this Library and when it is expected to reach India?

The Minister of Education, (Shri M. C. Chagla) : (a) and (c). The matter is still under correspondence between the Governments of India, Pakistan and the U.K. Some progress has been made but it has not yet been finalised and it cannot be stated when it will be finalised.

(b) In accordance with the understanding among the three Governments details of negotiations cannot be disclosed till a final settlement has been reached.

गौहाटी तेल शोधक कारखाना

*89. श्री रामेश्वर टांटिया :
श्री बिशनचन्द्र सेठ :
श्री भी० प्र० यादव :
श्री धवन :
महाराजकुमार विजय आनन्द :
श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री धुलेश्वर मीना :

क्या पैट्रोलियम और रसायन मंत्री 27 मई, 1964 के तारांकित प्रश्न संख्या 3 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गौहाटी तेल शोधक कारखाने के विस्तार के लिए रूमानिया सरकार का सुझाव सरकार ने मंजूर कर लिया है ; और

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य मुख्य बातें क्या हैं ?

पैट्रोलियम और रसायन मन्त्री (श्री हुमायून् कबीर) : (क) और (ख) निवेद (offer) की, जो चार विकल्प (alternative) योजनाओं पर आधारित है, तकनीकी दृष्टि से जांच की जा रही है।

राष्ट्रीय एकता परिषद्

*90. श्री सुरेन्द्रपालसिंह :
श्रीमती सावित्री निगम :
श्री म० ला० द्विवेदी :
श्री यशपालसिंह :
श्री विश्राम प्रसाद :
श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :
श्री विभूति मिश्र :
श्री क० ना० तिवारी :
महाराज कुमार विजय आनन्द :
श्री बासप्पा :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय एकता परिषद् शीघ्र पुनः सक्रिय होने जा रही है ;

(ख) यदि हां, तो इस परिषद् की बैठक कब होगी ; और

(ग) स्थापना के बाद से अब तक इसके द्वारा किये गये कार्य संक्षेप में क्या हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री हाथी) : (क) और (ख). राष्ट्रीय एकता परिषद् की अगली बैठक संसद के वर्तमान अधिवेशन के कुछ समय पश्चात् बुलाने की आशा है ।

(ग) राष्ट्रीय एकता परिषद् की स्थापना एक सतत निकाय के रूप में राष्ट्रीय एकता सम्मेलन द्वारा राष्ट्रीय एकता संबंधी सब मामलों की समीक्षा करने और उन पर सिफारिश करने के लिए की गई थी। इस परिषद् की प्रथम बैठक 2–3 जून, 1962 को हुई और इसकी कार्यवाही 15 जून, 1962 को संसद् के दोनों सदनों के सामने रख दी गई थी।

हिमालय क्षेत्र में तेल वाले स्थान

164. श्री रामहरख यादव :
श्री बागड़ी :
श्री दलजीत सिंह :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :
श्री बैं० ना० कुरील :
श्री श० ना० चतुर्वेदी :

क्या पैट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पंजाब, उत्तर प्रदेश और बिहार के हिमालय क्षेत्र में जिन स्थानों में तेल होने का पता चला है उनमें तेल की खोज करने के लिए क्या सरकार ने कोई नियमित योजना प्रारम्भ की है ;

(ख) यदि हां, तो उस योजना में अब तक कितनी सफलता प्राप्त हुई है ; और

(ग) क्या उक्तकथित तेल के लिए उत्तर प्रदेश में तेल शोधन शालायें खोलने का सरकार का प्रस्ताव है ?

पैट्रोलियम और रसायन मन्त्री (श्री हुमायून् कबीर) : (क) जी, हां। योजना के अन्तर्गत उन क्षेत्रों में कुछ चुने हुए स्थानों पर जहां कि भूतत्वीय तथा तलरूपीय स्थितियां अनुकूल हैं व्यापक रूप से भूतत्वीय सर्वेक्षण, भूकम्पीय सर्वेक्षण तथा भू-छिद्रण कार्य किया जाएगा।

(ख) बहुत सारे क्षेत्र में भूतत्वीय सर्वेक्षण हो गया है और थोड़ा सा भूकम्पीय सर्वेक्षण भी हो गया है। दो गहरे कुएं और छः ढांचे वाले कुएं खोद लिये गये हैं और तीसरे गहरे कुएं की खुदाई का कार्य चल रहा है। दो गहरे कुओं में गैस होने के कुछ निशान पाए गए हैं।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

Grants to States

165. Shri Sidheshwar Prasad : Will the Minister of **Educatoin** be pleased to state :

(*a*) the amount of grant/aid sanctioned to the State Governments and the purpose for which it has been given from 1960-61 to 1964-65, yearwise ;

(*b*) the terms and conditions, if any, for the aid or grant ; and

(*c*) whether the question of increasing the Central grants or aid in future is under consideration ?

The Minister of Education (Shri M. C. Chagla) : (*a*) to (*c*) . The information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha in due course.

बादागारा, केरल में जूनियर तकनीकी स्कूल

166. श्री अ० व० राघवन् :
श्री पोट्टेकाट्ट :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बादागारा, केरल में अवर तकनीकी स्कूल स्थापित करने के मामले में क्या प्रगति हुई है ;

(ख) क्या इसके लिए कोई स्थान चुन लिया गया है ; और

(ग) स्कूल कब चालू हो जाएगा ?

शिक्षा मन्त्री (श्री मु० क० चागला) : (क) से (ग). राज्य सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार आशा है कि यह स्कूल 1965–66 में चालू हो जाएगा। स्कूल किस स्थान पर होगा, इस संबंध में राज्य सरकार ने अभी तक कोई अन्तिम निर्णय नहीं किया है।

प्रादेशिक इंजीनियरिंग कालिज, जयपुर

167. श्री कर्णी सिंहजी : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जयपुर में प्रादेशिक इंजीनियरिंग कालिज की इमारत के निर्माण का कार्य पूरा हो गया है ;

(ख) इसमें दाखिले के लिए कितने स्थान होंगे ;

(ग) कालिज में विभिन्न राज्यों की कुल आबादी पर कितने प्रतिशत स्थान देने का निर्णय किया गया है ; और

(घ) सम्पूर्ण योजना पर क्या लागत आने का अनुमान है ?

शिक्षा मन्त्री (श्री मु० क० चागला) : (क) अभी नहीं। काम चल रहा है।

(ख) कालिज के पूर्ण रूप से स्थापित होने पर 250 दाखिले प्रति वर्ष किये जायेंगे। इस समय 60 दाखिले किये जाते हैं।

(ग) जनसंख्या के आधार पर राज्यों में कालेज के स्थानों का वितरण नहीं किया गया है। आधे स्थान राजस्थान के लिए हैं और आधे स्थान शेष भारत के लिए।

(ख) 233 लाख रुपए।

Political Sufferers

168. Shri Tan Singh : Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(*a*) the number of such political sufferers in the country as had been provided with assistance during the last year ; and

(*b*) the amount of expenditure incurred on this item during the said period ?

The Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shri L. N. Mishra) : (*a*) 499 during the financial year 1963-64.

(*b*) Rs. 1,90,120.

भ्रामक पाठ्य पुस्तकें

169. **श्री मोहन स्वरूप :**
श्री द्वारका दास मन्त्री :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में भ्रामक पाठ्य पुस्तकों की बिक्री बहुत बढ़ गई है ;

(ख) क्या इस कारण कुछ राज्य सरकारों को करोड़ों रुपयों की हानि हुई है ;

(ग) क्या केन्द्रीय सरकार इस दिशा में किसी उपाय पर विचार कर रही है ; और

(घ) अब तक क्या कार्यवाही की गई है और इस कारण कितनी हानि हुई है ?

शिक्षा मन्त्री (श्री मु० क० चागला) : (क) विश्वविद्यालयों अथवा राज्य सरकारों से ऐसा कोई प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) से (ग). प्रश्न ही नहीं उठता।

Statues of Foreigners

170. **Shri Vishram Prasad :**
Dr. L. M. Singhvi :
Shri R. G. Dubey :
Shri S. M. Banerjee :
Shri Shree Narayan Das :
Shri Onkar Lal Berwa :
Shri Mohan Swarup :
Shri Bibhuti Mishra :
Shri K. N. Tiwary :
Shri Vishwa Nath Pandey :
Shri Hari Vishnu Kamath :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(*a*) whether it is a fact that some statutes of foreigners near Parliament House have been removed ;

(*b*) if so, the number thereof ; and

(*c*) when Government propose to remove the remaining statues of foreigners in Delhi ?

The Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shri L.N. Mishra) : (*a*) and (*b*). Three statues, namely, those of Lords Irwin, Chemsford and Reading, from near Parliament House and one namely, that of Lord Willingdon, from the South of the South Block have been removed.

(*c*) Out of the four statues left, the statue of Lord Hardinge in the President's Estate is proposed to be removed shortly.

हवाई अड्डों पर सुरक्षा की व्यवस्था

171. **श्री यशपाल सिंह :**
श्री इन्द्रजीत गुप्त :
श्री कपूर सिंह :
श्री विश्राम प्रसाद :
श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री मोहन स्वरूप :
श्री बागड़ी :

क्या गृह कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हवाई उड्डों पर सुरक्षा की व्यवस्था के बारे में उच्च शक्ति प्राप्त समिति ने इस बीच अपना प्रतिवेदन दे दिया है ;

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य सिफारिशें क्या हैं ; और

(ग) उनको कब क्रियान्वित किया जाएगा ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री हाथी) : (क) जी हां।

(ख) और (ग). प्रश्न ही नहीं उठता।

लाट्रियां

172. **श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी :**
श्री प्र० के० देव :
श्री सोलंकी :
श्री हिम्मतसिंहका :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार विभिन्न राज्यों में चलाई जा रही लाट्रियों को बन्द करने के प्रस्ताव पर विचार चर रही है ; और

(ख) क्या इस संबंध में राज्य सरकारों से कोई लिखा पढ़ी की गई है ?

गृह-कार्य मन्त्राल में राज्य मन्त्री (श्री हाथी) : (क) जी, नहीं।

(ख) उन राज्यों को, जिन्होंने लाट्रियों के लिये मंजूरी दे रखी है, यह सुझाव भेजा गया है कि वे मंजूरी को वापस ले लें।

'दिल्ली मिरर'

172. **श्री यशपाल सिंह :**
श्री विश्राम प्रसाद :
श्री इन्द्रजीत गुप्त :
श्री बड़े :
श्री कपूर सिंह :

क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली प्रशासन जुलाई, 1964 से एक त्रैमासिक पत्रिका 'दिल्ली मिरर' चला रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो इस पत्रिका को प्रकाशित करने के मुख्य कारण क्या हैं ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री ल० नां० मिश्र) : (क) और (ख). तृतीय पंचवर्षीय योजना की एक अनुमोदित योजना के अन्तर्गत दिल्ली प्रशासन शीघ्र ही अंग्रेजी, हिन्दी और उर्दू में क्रमश: "दिल्ली मिरर", "दिल्ली सन्देश" और "प्यामे दिल्ली" के शीर्षक से तीन पत्रिकाएं प्रकाशित करना चाहता है जिनमें पंचवर्षीय योजनाओं के अन्तर्गत प्रशासन की योजनाओं, कार्यवाहियों और सफल कार्यों के बारे में उपयोगी जानकारी होगी। इन पत्रिकाओं द्वारा विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं के अन्तर्गत प्रशासन की विकास और कल्याण सम्बन्धी योजनाओं के प्रचार को बढ़ाने और मजबूत करने का अभिप्राय है।

सपरू समिति का प्रतिवेदन

174. श्री विश्राम प्रसाद :
श्री यशपाल सिंह :
श्री इन्द्रजीत गुप्त :
श्री कपूर सिंह :
श्री दीनेन भट्टाचार्य :
डा० रानेन सेन :
श्री पें० वेंकटासुब्बया :
श्री रामेश्वर टांटिया :
श्री बिशनचन्द्र सेठ :
श्री धवन :
श्री भी० प्र० यादव :
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :
श्री जगदेव सिंह सिद्धान्ती :
श्री प्र० च० बरुआ :
श्री राम हरख यादव :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :
श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :
श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :
श्री बासप्पा :
श्री दे० जी० नायक :
श्री द्वारका दास मन्त्री :

क्या **शिक्षा** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उच्च शिक्षा के मामले में केन्द्रीय सरकार की जिम्मेवारियों के सम्बन्ध में संविधान के उपबन्धों की जांच करने के लिये श्री पी० एन० सपरू की प्रधानता में संसद् सदस्यों की जो समिति नियुक्त की गई थी क्या उसने इस बीच अपना प्रतिवेदन दे दिया है ;

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्य सिफारिशें क्या हैं ; और

(ग) उनको क्रियान्वित करने में कितना समय लगेगा ?'

शिक्षा मन्त्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी, हां ।

(ख) एक विवरण संलग्न है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 3027/64]

(ग) समिति की सिफारिशों पर जांच की जा रही है ।

रूस से पैट्रोलियम के उत्पादों का आयात

175. श्री भी० प्र० यादव :
श्री बिशनचन्द्र सेठ :
श्री धवन :
श्री रामेश्वर टांटिया :
श्री यशपाल सिंह :
श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :
श्री क० ना० तिवारी :
श्रीमती रेणु चक्रवर्ती :
श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री धुलेश्वर मीना :
श्री मुहम्मद इलियास :
श्री दे० जी० नायक :
श्री छ० म० केदरिया :
श्री विश्राम प्रसाद :

क्या पैट्रोलियम और रसायन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रूस सरकार से हाल ही में किसी ऐसे करार पर हस्ताक्षर किये गये हैं जिसके अन्तर्गत अगले तीन वर्षों में 15 लाख टन पैट्रोलियम उत्पाद का आयात किया जायेगा ; और

(ख) यदि हां, तो यह करार पिछले करार की अपेक्षा, जो कि हाल ही समाप्त हुआ है, कैसा है ?

पैट्रोलियम और रसायन मन्त्री (श्री हुमायून् कबीर) : (क) और (ख). अगले तीन वर्षों में 15 लाख टन पैट्रोलियम उत्पादों के आयात के लिये भारतीय तेल निगम (विपणन विभाग) ने हाल ही में सोवियत निर्यात संगठन से करार किया है। यद्यपि नये करार के अन्तर्गत न्यूनधिक उतना ही माल आयात किया जायेगा जितना पहले किये गये करारों के अन्तर्गत किया जाता था, आयात की जाने वाली वस्तुओं की मात्रा में पहले की अपेक्षा कुछ कमी बेशी होगी। निबन्धन और शर्तें सामान्यतः पहले किये गये करारों से जिमलती जुलती हैं।

धातुकर्मियों की कमी

176. श्री दी० चं० शर्मा :
श्रीमती सावित्री निगम :
श्री म० ला० द्विवेदी :
श्री स० चं० सामन्त :

क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस्पात उद्योग के लिये देश में धातुकर्मियों की कमी को पूरा करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है अथवा करने का विचार है ; और

(ख) इस दिशा में यदि कोई योजना बनाई गई है तो वह क्या है ?

शिक्षा मन्त्री (श्री मु०क० चागला) : (क) और (ख). विद्यमान कालिजों और पालिटेक्निक्स के अन्दर धातुकर्म में डिग्री और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिये सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उद्योग के लिये इंजीनियरों और तकनीकी कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के लिये इस्पात् सन्यन्त्रों के समीप विशेष संस्थान स्थापित करने का भी विचार है।

सतर्कता आयुक्त

177. **श्री दी० चं० शर्मा :**
श्री शशि रंजन :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :
श्री नि० रं० लास्कर :

क्या **गृह-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में राजपत्रित तथा अराजपत्रित अधिकारियों के विरोध 31 अगस्त, 1964 तक सतर्कता आयुक्त के पास कुल कितनी शिकायतें दर्ज हुई हैं ; और

(ख) कितने अधिकारियों के विरुद्ध जांच की गई है और सम्बन्धित अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री हाथी) : (क) 31 अगस्त, 1964 तक सतर्कता आयुक्त के पास केन्द्रीय सरकार के अधिकारियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार के बारे में 590 शिकायतें दर्ज की गई हैं—318 राजपत्रित अधिकारियों के विरुद्ध और 272 अराजपत्रित अधिकारियों के विरुद्ध।

(ख) 181 शिकायतें जांच के लिये भेजी गई थीं। अब तक 24 पर जांच हो चुकी है और 22 शिकायतें सच नहीं पाई गई हैं। एक मामले में एक अराजपत्रित अधिकारी रिश्वत लेता हुआ पकड़ा गया था और विशेष पुलिस स्थापना इस जांच को पूरा कर रही है। एक अन्य मामले में दो राजपत्रित अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जा रही है।

विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों के लिये अंशदायी स्वास्थ्य सेवा योजना

178. **श्री दी० चं० शर्मा :**
श्री रामेश्वर टांटिया :
श्री धवन :
श्री भी० प्र० यादव :
श्री बिशन चन्द्र सेठ :

क्या **शिक्षा** मन्त्री 27 मई, 1964 के तारांकित प्रश्न संख्या 11 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों के फायदे के लिये अंशदायी स्वास्थ्य सेवा योजना लागू करने के प्रश्न पर जांच करने के लिये विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा नियुक्त समिति ने कोई कार्य किया है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला ?

शिक्षा मन्त्री (श्री मु० क० चागला) : (क) और (ख). विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा नियुक्त समिति की बैठक इस प्रयोजन के लिये 15 जून, 1964 को हुई जिसमें मामले पर सामान्य रूप से चर्चा की गई। समिति ने कुछ ब्यौरे तैयार करने के लिये कहा था जो कि तैयार किये जा रहे हैं।

राष्ट्रीय सन्यन्त्रों की रक्षा

179. **श्री वी० चं० शर्मा :**
श्री रामेश्वर टांटिया :
श्री बिशनचन्द्र सेठ :
महाराजकुमार विजय आनन्द :
श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री धुलेश्वर मीना :
श्री रा० बरुआ :

क्या गृह-कार्य मन्त्री 27 मई, 1964 के तारांकित प्रश्न संख्या 6 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय सन्यन्त्रों की सुरक्षा और देखभाल के लिये केन्द्रीय सुरक्षा सेना के स्थापित करने सम्बन्धी प्रस्ताव को अन्तिम रूप देने के बारे में क्या प्रगति हुई है ; और

(ख) ये कब स्थापित की जायेंगी ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री हाथी) : (क) और (ख). मामला अब भी राज्य सरकारों के विचाराधीन है ।

ईराक तथा कुवैत में तेल की खोज सम्बन्धी रियायतें

180. **श्री सुरेन्द्रपाल सिंह :**
श्री वी० चं० शर्मा :
श्री यशपाल सिंह :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :
श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री धुलेश्वर मीना :
श्री महाराजकुमार विजय आनन्द :

क्या पैट्रोलियम और रसायन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ईराक तथा कुवैत में तेल की खोज सम्बन्धी रियायतें प्राप्त करने के प्रयत्नों में कोई प्रगति हुई है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या है ?

पैट्रोलियम और रसायन मन्त्री (श्री हुमायून् कबीर) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

Higher Secondary Schools in Delhi

181. **Shri Naval Prabhakar :** Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) the total number of Higher Secondary Schools in Delhi; and

(b) the total number of students who appeared in Higher Secondary Examination this year ?

The Minister of Education (Shri M. C. Chagla) : (a) 351.

(b) 20,628.

Acquisition of Plots in Delhi

182. **Shri Naval Prabhakar :**
Shri Rameshwar Tantia :
Shri Onkar Lal Berwa :
Shri Dhaon :
Shri B. P. Yadava :
Shri Shiv Charan Gupta :
Shri Sonavane :

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to refer to the reply given to Starred Question No. 860 on the 8th April, 1964 and State :

(a) the present position regarding the acquisition of vacant plots by Administration under section 4 of the Land Acquisition Act, 1894 ; and

(b) when the said plots would be acquired ?

The Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shri L. N. Mishra): (a) The number of the question referred to by the Honble Members answered on 8th April, 1964 is 960. In accordance with the provisions of Section 5-A of the Land Acquisition Act, 1894, the interested persons have filed objections against the proposed acquisition. About 13,000 objections were received within and about 1,000 objections after the expiry of the prescribed period of one month from the date of publication of the notification in the Gazette. All thise objections are being scrutinised.

(b) Necessary steps to acquire the plots which remain unbuilt without sufficient reason will be taken after the expiry of the period of one year.

गैर सरकारी अध्यापकों को मकान भत्ता

183. श्री अ० क० गोपालन :
श्री नम्बियार :
श्री इम्बीचिबावा :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का संघ राज्य क्षेत्रों के गैर-सरकारी अध्यापकों को भी मकान भत्ता देने का विचार है; और

(ख) क्या सरकार को इस बारे में राज्य सरकारों से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है ?

शिक्षा मन्त्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी नहीं । दिल्ली में सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के अध्यापकों तथा गोआ में सरकारी सहायता प्राप्त सैकन्डरी स्कूलों के अध्यापकों को पहले ही से मकान भत्ता दिया जाता है ।

(ख) जी नहीं ।

वाणिज्य तथा विज्ञान के विषयों की पढ़ाई

184. **श्रीमती सावित्री निगम** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि सरकारी कर्मचारियों को वाणिज्य तथा विज्ञान के विषयों केबारे में शिक्षा प्राप्त करने में बहुत अधिक कठिनाई हो रही है क्योंकि वे संध्याकालीन कालेजों में केवल कला के विषयों में शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार का इस मामले में क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

शिक्षा मन्त्री (श्री मु० क० चागला): (क) और (ख). दिल्ली में संध्याकालीन कालेजों में बी० ए० (पास) पाठ्यक्रम (कोर्स) में वाणिज्य विषय की शिक्षा की भी व्यवस्था है। संध्याकालीन कालेजों में विज्ञान विषयों की शिक्षा की व्यवस्था करने का प्रश्न दिल्ली विश्वविद्यालय को विचार के लिये भज दिया गया है ।

दिल्ली के स्कूलों तथा कालेजों में दाखिला

185. **श्री पें० वेंकटासुब्बया :**
डा० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी :
श्री नवल प्रभाकर :
श्री रामेश्वर टांटिया :
श्री दी० चं० शर्मा :
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री ओंकार लाल बैरवा :
श्री अ० सि० सहगल :
श्री बालगोविन्द वर्मा :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :
श्री रामचन्द्र मलिक :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि काफी बड़ी संख्या में छात्रों को दिल्ली के विभिन्न स्कूलों तथा कालेजों में दाखिला नहीं मिल सका ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने उनको दाखिला दिलाने के लिये क्या कदम उठाये हैं ?

शिक्षा मन्त्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

महिला होम गार्डस

186. श्री रामेश्वर टांटिया :
श्री बिशनचन्द्र सेठ :
श्री धवन :
श्री भी० प्र० यादव :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली के महिला होमगार्डों के पहले ग्रुप ने बन्दूक चलाने, आग बुझाने तथा फर्स्ट एड में प्रशिक्षण पूरा कर लिया है ; और

(ख) समूचे देश में अब तक कितनी महिलाओं ने ऐसा प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) जी हां।

(ख) विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण प्राप्त महिला होम गार्डों की संख्या इस प्रकार है :—

(1) बन्दूक चलाना .	4420
(2) आग बुझाना . .	2759
(3) फर्स्ट एड . .	4944

गैर-सरकारी शिक्षा संस्थायें

187. श्री रामेश्वर टांटिया :
श्री भी० प्र० यादव :
श्री धवन :
श्री बिशनचन्द्र सेठ :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उनके मंत्रालय ने राज्यों को एक निदेश जारी किया है और यह सुझाव दिया है कि शिक्षा संस्थाओं को स्थापित करने तथा उनको बनाये रखने के मामले में गैर-सरकारी संस्थाओं पर नियंत्रण रखने के लिये कोई विधान लाया जाये ; और

(ख) यदि हां, तो राज्य सरकारों की इस मामले में क्या प्रतिक्रिया है ?

शिक्षा मन्त्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

इंजीनियरिंग अध्ययन तथा इस्पात उद्योग

188. श्री हेम बरुआ :
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री रा० बरुआ :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इंजीनियरिंग शिक्षा को इस्पात उद्योग की आवश्यकताओं से सम्बद्ध करने की

एक योजना सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) क्या सरकार ने इस्पात कारखानों के निकट कुछ विशेष संस्थायें स्थापित करने के प्रश्न पर भी विचार किया है जिनमें इस्पात उद्योग से सम्बद्ध विषयों में डिप्लोमा पाठ्यक्रम की सुविधा होगी ; और

(ग) यदि हां, तो इस मामले में क्या निर्णय किये गये हैं ?

शिक्षा मन्त्री (श्री मु० क० छागला): (क) वर्तमान इंजीनियरिंग कालेजों तथा पालीटेक्निकों में धातु विज्ञान के डिग्री तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

(ख) और (ग). इस्पात उद्योग के लिये इंजीनियर तथा तकनीकी व्यक्ति तैयार करने के लिये इस्पात कारखानों के निकट विशेष संस्थायें स्थापित करने का विचार है।

विश्वविद्यालय शिक्षा में सैनिक विज्ञान

189. श्री हरि विष्णु कामत : क्या शिक्षा मंत्री 6 मई, 1964 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2896 के उत्तर के सम्बंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सैनिक विज्ञान को विश्वविद्यालयों में अध्ययन के लिये एक वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल करने के बारे में कोई निर्णय कर लिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उसका स्वरूप क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

शिक्षा मन्त्री (श्री मु० क० छागला) : (क) जी अभी नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ग) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा इस मामले की विस्तार से जांच करने के लिये एक विशेष समिति नियुक्त कर दी गई है। उस समिति के प्रतिवेदन की प्रतीक्षा है।

मद्रास तथा हल्दिया तेल शोधनशालायें

190. श्री सुरेन्द्रपाल सिंह :
श्री सेझियान :
श्री विश्राम प्रसाद :
श्री पें० वेंकटासुब्बया :
श्री प्र० चं० बरुआ :
श्री राम हरख यादव :
श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :
श्री राम सहाय पाण्डेय :
श्री ओंकार लाल बेरवा :
श्री अ० ब० राघवन् :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :
श्री बें० ना० कुरील :
श्री मं० रं० कृष्ण :

श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री धुलेश्वर मीना :
श्री कजरोलकर :
श्री क० ना० तिवारी :
श्री मुहम्मद इलियास :
श्री रामपुरे :
श्री दे० जी० नायक :
श्री छ० म० केदरिया :
डा० महादेव प्रसाद :
श्रीमती रेणु चक्रवर्ती :

क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत सरकार तथा कुछ विदेशी तेल कम्पनियों के बीच मद्रास तथा हल्दिया तेल शोधन शालायें स्थापित करने में उनका सहयोग प्राप्त करने के बारे में चल रही बातचीत पूरी हो गई ; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायून कबिर) : (क) जी नहीं। बातचीत अभी चल रही है ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

दिल्ली में साक्षरता आन्दोलन

1911. श्री रामेश्वर टांटिया :
श्री धवन :
श्री विशनचन्द्र सेठ :
श्री भी० प्र० यादव :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली प्रशासन ने दिल्ली संघ राज्यक्षेत्र से निरक्षरता समाप्त करने के लिये आन्दोलन चलाया है;

(ख) क्या गांवों में अनपढ़ व्यक्तियों की संख्या जानने के लिये कोई सर्वेक्षण किया गया है ;

(ग) यदि हां, तो सम्बंधित अधिकारियों का उनको किस प्रकार शिक्षा देने का विचार है ; और

(घ) यदि हां, तो क्या अन्य राज्य सरकारों अथवा संघ राज्यक्षेत्रों को भी अपने राज्यों में इस प्रकार का कार्यक्रम चालू करने के लिये कहा गया है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी नहीं ।

(ख) जी हां ।

(ग) शिक्षा निदेशालय, दिल्ली के सामाजिक शिक्षा विभाग के क्षेत्र कर्मचारियों के पथप्रदर्शन तथा देखरेख में अनपढ़ व्यक्तियों को शिक्षा देने के लिये अन्शकालिक कार्यकर्त्ताओं को नियुक्त करके ।

(घ) अन्य राज्य सरकारें तथा संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन प्रौढ़ शिक्षा सम्बंधी स्वीकृत कार्यक्रमों को कार्यान्वित कर रहे हैं ।

मानव भूगोल में स्नातक पाठ्यक्रम

192. **श्री रा० गि० दुबे०** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ वर्ष पहले दिल्ली विश्वविद्यालय में लागू किया गया मानव भूगोल का एम० ए० स्नातक पाठ्यक्रम सन्तोषजनक ढंग से नहीं चल रहा है ; और

(ख) इस योजना की मुख्य-मुख्य बातें क्या हैं ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० छागला) : (क) इस पाठ्यक्रम के लिये विद्यार्थी पर्याप्त नहीं हैं परन्तु दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा इस प्रयोजनार्थ दो चुने हुए कालेजों में भूगोल में बी० ए० (आनर्स) पाठ्यक्रम लागू करने से स्थिति में सुधार होने की आशा है ।

(ख) इस पाठ्यक्रम में मानव भूगोल, आर्थिक भूगोल एवं सामाजिक भूगोल पर विशेष बल दिया जाता है ।

समेकित बी० इ० पाठ्यक्रम

193. **श्री प्र० चं० बरुआ** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विभिन्न राज्य सरकारों अथवा संघ राज्यक्षेत्रों के प्रशासनों द्वारा चलाये जाने वाले अथवा इन की सहायता प्राप्त इंजीनियरी तकनीकी कालेजों में पांच वर्षीय समेकित बी० इ० पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिये केन्द्रीय सरकार ने कोई आधारभूत निश्चित स्तर की अर्हतायें निर्धारित की हैं ;

(ख) यदि हां, तो इन कालेजों में प्रवेश के पात्र होने के लिये विद्यार्थियों की कम से कम विद्या-संबंधी सफलतायें क्या होनी चाहिएं ; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या इस मामले में विभिन्न संस्थाओं में विषमता पाई जाती है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० छागला) : (क) अखिल भारत तकनीकी शिक्षा परिषद की सिफारिश पर प्रवेश के लिये कम से कम अर्हता हायर सेकेंडरी/प्री यनिवर्सिटी/सीनियर कैम्ब्रेज या इन के बराबर की परीक्षा में उत्तीर्ण होना निर्धारित की गई है ।

(ख) और (ग). विश्वविद्यालयों के अधीन अथवा उन से सम्बद्ध कालेजों के मामले में, इंजीनियरी स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवश के लिये प्रवेश-अर्हता में कम से कम नम्बरों संबंधी नियम प्रत्येक विश्वविद्यालय निर्धारित करता है । इंडियन इंस्टीट्यूट् आफ तकनालाजी में अखिल भारतीय प्रवश परीक्षा के आधार पर प्रवेश मिलता है ।

कच्चे तेल का उत्पाद

194. **श्री प्र० चं० बरुआ :** क्या **पैट्रोलियम तथा रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तृतीय योजना कालावधि के अन्त तक कच्चे तेल के अनुमानित उत्पादन-लक्ष्य क्या हैं ;

(ख) इन में आसाम आयल फील्ड्स का कितना अंशदान होने की आशा है ;

(ग) यह कच्चा तेल कहां और किस प्रकार साफ किया जायेगा ; और

(घ) चतुर्थ योजना कालावधि के लिये तेल के उत्पादन तथा शोधन संबंधी लक्ष्य क्या निर्धारित किये गये हैं ?

पैट्रोलियम तथा रसायन मंत्री (श्री हुमायून् कबिर) : (क) यह अनुमान है कि तृतीय योजना के अन्तिम वर्ष में 66·8 लाख टन कच्चे तेल का उत्पादन होगा ।

(ख) 38.6 लाख टन ।

(ग) गुजरात में उत्पादित कच्चा तेल मुख्यत: गुजरात शोधनालय, कोयाली, में और अंशत: बम्बई स्थित गैर-सरकारी क्षेत्र के तेल साफ करने वाले कारखानों में साफ किया जायगा । आसाम में उत्पादित तेल गोहाटी, बरोनी एवं दिगबोई तेल शोधन कारखानों में साफ किया जायगा ।

(घ) चतुर्थ योजना कालावधि में तेल के उत्पादन एवं शोधन के लक्ष्यों का निर्धारण अभी विचाराधीन है ।

Post-Matric Scholarships to Backward Class Students

195. **Shri Bagri :** Will the Minister of **Education** be pleased to state the amount spent for awarding Post-Matric scholarships to the students belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes residing in Punjab State during the First, Second and Third Five Year Plan (so far) periods, respectively ?

The Minister of Education (Shri M. C. Chagla) : *First Five Year Plan period* :

Scheduled Castes	Rs. 12,02,626*
Scheduled Tribes	Rs. 31,191*
TOTAL	Rs. 12,33,817*

(*This expenditure relates to the period 1953-54 to 1955-56. During the period 1951-52 and 1952-53 a total expenditure of Rs. 22,53,527 on Scheduled Castes and Rs. 8,04,232 on Scheduled Tribes was spent by the Government of India. State-wise break-up was not then maintained.)

Second Five Year Plan period :

Scheduled Castes.	Rs. 65,16,083
Scheduled Tribes	Rs. 1,17,116
TOTAL	Rs. 66,33,199

Third Five Year Plan period upto 1963-64 :

Scheduled Castes	Rs. 49,07,452
Scheduled Tribes	Rs. 1,11,559
TOTAL	Rs. 50,19,011

Grants to Punjab Colleges and Universities

196. **Shri Bagri :** Will the Minister of **Education** be pleased to state:

(a) the grants sanctioned by the University Grants Commission to various Colleges and Universities in Punjab during 1963-64 and the names of the recepient Colleges and Universities; and

(b) the amount earmarked for disbursement to these institutions during 1964-65 ?

The Minister of Education (Shri M. C. Chagla) : (a) The required information is given in the attached statement. [*Placed in library. See. No. L. T. 3028/64*]

(b) Funds are not earmarked to any institution in any particular year. Grants are sanctioned each year for the schemes approved by the Commission, on their merits.

शरणार्थियों के लिये करघे

197. { **श्री बड़े :**
श्री यशपाल सिंह :

क्या पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दण्डकारण्य में पुनर्वासित शरणार्थी बुनना जानते हैं ;

(ख) क्या अधिकतर शरणार्थियों ने अनुरोध किया है कि उन्हें भूमि देने की बजाय करघे दिये जाने चाहिये; और

(ग) क्या अब तक केवल 150 व्यक्तियों को करघे दिये गये हैं और शेष को देने के बारे में सरकार ने असमर्थता प्रकट की है ?

पुनर्वास मंत्री (श्री त्यागी) : (क) जी हां । लगभग 10 प्रतिशत व्यक्ति बुनना जानते हैं ।

(ख) जी नहीं । किसी व्यक्ति ने भूमि की बजाय करघे नहीं मांगे ।

(ग) वितरित करघों सम्बन्धी आंकड़े एकत्र किये जा रहे हैं और उन्हें सभा-पटल पर रख दिया जायेगा । अधिक करघे देने के बारे में सरकार द्वारा असमर्थता प्रकट करने का कोई अवसर नहीं आया ।

दण्डकारण्य में समाज सेवक

198. **श्री बड़े :**
श्री यशपाल सिंह :

क्या **पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दण्डकारण्य शरणार्थी शिविरों तथा बस्तियों में कितने समाज सेवक काम कर रहे हैं ; और

(ख) दण्डकारण्य में कितने सामाजिक या विशेष कार्यकर्ताओं को सरकार की ओर से मानदेय प्राप्त हैं ?

पुनर्वास मंत्री (श्री त्यागी) : (क) और (ख). दण्डकारण्य परियोजना के प्रशासनिक नियंत्रण में जो श्रम केन्द्र सहायता शिविर हैं उन में 56 सेवक, 3 सेविकायें और एक जोनल नेता काम करते हैं। उन्हें नियमित रूप से मासिक वेतन पर रखा गया है। 5 गैर-सरकारी समाज सेवक भी वहां काम कर रहे हैं। उन्हें सरकार की ओर से कोई वेतन या मानदेय नहीं दिया जाता ।

इन के अतिरिक्त, माना ग्रुप के अस्थायी केन्द्रों में 100 सेवक, 15 सेविकाय और 18 गैर-सरकारी समाज सेवक काम करते हैं। सेवकों को मासिक वेतन मिलता है। गैर-सरकारी समाज सेवकों को सरकार की ओर से कोई वेतन या मानदेय नहीं दिया जाता। यह अस्थायी केन्द्र 30–6–1964 तक दण्डकारण्य परियोजना की देखरेख में थे ।

प्राथमिक स्कूलों के भवन

199. **श्री हेम राज** : क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने प्राथमिक स्कूलों के भवनों के निर्माण के लिये राज्य सरकारों को ऋण देने सम्बन्धी योजना को अन्तिम रूप दे दिया है; और

(ख) यदि हां, तो इस की मुख्य रूपरेखा क्या है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) और (ख). योजना विचाराधीन है।

केरल में शिक्षा

200. **श्री मणियंगाडन** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केरल सरकार द्वारा केन्द्रीय सरकार से अनुरोध किया गया है कि केरल में प्राथमिक तथा सेकेण्डरी शिक्षा के बढ़ते हुए व्यय का एक अंश केन्द्रीय सरकार को देना चाहिये; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में केन्द्रीय सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी हां ।

(ख) प्राथमिक एवं सैकेण्डरी शिक्षा सम्बन्धी विकास योजनाओं पर होने वाले व्यय का एक अंश पहले ही केन्द्रीय सरकार द्वारा दिया जाता है। कुछ और भार सहन करने के प्रश्न पर विचार किया जा रहा है ।

कोचीन का तेल शोधक कारखाना

201. **श्री मणियंगाडन :** क्या पैट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कोचीन पत्तन से कोचीन स्थित नये तेल शोधक कारखाने तक कच्चे तेल को पहुंचाने के लिये प्रबन्ध कर लिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो प्रस्तावित प्रबन्ध क्या है ;

(ग) क्या इस प्रश्न का निरीक्षण कर लिया गया है कि इस से पत्तन के अग्रेतर विकास एवं विस्तार पर क्या प्रभाव पड़ेगा ; और

(घ) क्या पत्तन से तेल शोधक कारखाने तक तेल के परिवहन के लिये कोई बदले का प्रस्ताव भी था ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायून् कबिर) : (क) अभी नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ग) और (घ). कच्चे तेल को कोचीन तेल शोधक कारखाने तक पहुंचाने सम्बन्धी प्रबन्धों का अन्तिम रूप निश्चित करते समय इस पर विचार किया जायगा ।

दिल्ली में आत्महत्या

202. **श्री राम हरख यादव :**
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत दो वर्षों में दिल्ली में आत्महत्या की कितनी घटनायें हुईं ;

(ख) क्या दिल्ली में इस प्रकार की घटनायें बढ़ रही हैं; और

(ग) अधिकतर मामलों में किन मुख्य कारणों से आत्महत्यायें की गयीं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हाथी) : (क)

1962	1963
118	118

(ख) जी नहीं ।

(ग) अस्वास्थ्य एवं दुःखद पारिवारिक जीवन ।

अरब संघ गणराज्य में अन्तर्राष्ट्रीय युवक शिविर

203. **श्री श्रीनारायण दास :** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत अरब संघ गणराज्य में होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय युवक शिविर में भाग लेने के लिये सहमत हो गया है ; और

(ख) यदि हां, तो किस प्रकार भाग लिया जायेगा ?

शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

रूस में संस्कृत पांडुलिपियां

204. श्री च० का० भट्टाचार्य :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंग कि :

(क) क्या उन का ध्यान रूसी दूतावास के एक प्रेस नोट की ओर दिलाया गया है कि तुर्कमीनिया में मर्न नामक एक प्राचीन नगर में खुदाई करते समय एक प्राचीन संस्कृत पांडुलिपि पाई गई है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह जानने का प्रयास किया गया है कि वह पांडुलिपि किसी प्रकार की है और उस का विषय क्या है; और

(ग) क्या इस के तथा मध्य एशिया में इस से पहले पाये गये प्राचीन लेखों के पूर्ण रिकार्ड को, जिन से भारत एवं मध्य एशिया के बीच प्राचीन सांस्कृतिक सम्पर्कों पर नवीन प्रकाश पड़ने की आशा है, एकत्र करने और प्रकाशित करने का विचार है ?

शिक्षा मंत्रालय में सांस्कृतिक-कार्य मंत्री (श्री हजरनवीस) : (क) से (ग) जी हां। एक सुसज्जित कलश पर संस्कृत का एक लेख पाया गया है। जो रूसी विशषज्ञों के पास है। उस लेख को पढ़ने में और वह लगभग कब लिखा गया इस बात को तथा अन्य ब्योरे को जानने में कुछ समय लगेगा। उस छानबीन के जो परिणाम निकलेंगे उन्हें जानने का प्रयास किया जायगा और उन पर अग्रतर कार्यवाही उन परिणामों पर निर्भर होगी।

आर्थिक अपराध प्रभाग

205. श्री यशपाल सिंह :
श्री सोलंकी :
श्री नरसिम्हा रेड्डी :
श्री श० ना० चतुर्वेदी :
श्री श्यामलाल सर्राफ :

क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय गृह-मंत्रालय में एक नया "आर्थिक अपराध प्रभाग" गठित किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उस के कृत्य क्या हैं ; और

(ग) इस प्रभाग पर अनुमानित आवर्तक व्यय कितना होगा ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी हां।

(ख) यह आर्थिक अपराध प्रभाग ऐसे मामलों को निबटायेगा जिन का सम्बन्ध पूर्णत: आर्थिक अपराधों से होगा, विशेषकर ऐसे मामले जो सीमा-शुल्क अधिनियम, केन्द्रीय उत्पादन कर अधिनियम, आय-कर अधिनियम, अफीम तथा हानिकर औषधि अधिनियम, समवाय विधि अधिनियम, स्वर्ण नियंत्रण नियम के अन्तर्गत आते हैं तथा इस प्रकार के ऐसे मामलों को भी निबटायेगा जो वित्तीय अपराधों के हों। चौर्यानयन के मामले तथा आय-कर अपवंचन के महत्वपूर्ण मामले भी इस प्रभाग द्वारा ही निबटाये जायेंगे ।

(ग) 8,10,658 रुपये ।

वैज्ञानिकों का राष्ट्रीय रजिस्टर

206. **श्री प्र० रं० चक्रवर्ती ।**
श्री अ० ना० विद्यालंकार :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसन्धान परिषद् द्वारा जो राष्ट्रीय रजिस्टर रखा जाता है उस में जून, 1964 तक कुल कितने व्यक्तियों को पंजीवद्ध किया गया ; और

(ख) सरकारी संस्थाओं एवं शिक्षा संस्थाओं से संलग्न स्नातकोत्तर वैज्ञानिकों का उद्योगों से संलग्न ऐसे वैज्ञानिकों से क्या अनुपात है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) 2,75,628।

(ख) वैज्ञानिकों एवं तकनीकी कर्मचारियों के राष्ट्रीय रजिस्टर के अनुसार, 21 प्रतिशत स्नातकोत्तर वैज्ञानिक सरकारी संस्थाओं में हैं; 50 प्रतिशत शिक्षा संस्थाओं में ; 19 प्रतिशत अनुसन्धान संस्थाओं में और 10 प्रतिशत सरकारी एवं गैर-सरकारी क्षेत्रों के उद्योगों में हैं।

नालन्दा में अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय

207. **श्री प्र० रं० चक्रवर्ती ;**
श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने नालन्दा में एक अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने के बारे में कोई निर्णय किया है ;

(ख) क्या यह सच है कि प्रस्तावित विश्वविद्यालय में बौद्ध धर्म संबंधी ज्ञान, योग, तंत्र, संस्कृत, तथा पाली भाषाओं के प्रचार के लिये विशेष विभाग खोले जायेंगे, और

(ग) क्या नव-नालन्दा महाविहार, जिसे अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय का रूप दिया जायगा, बौद्ध ज्ञान एवं अनुसन्धान का केन्द्र बना रहेगा ?

शिक्षा मंत्रालय में सांस्कृतिक-कार्य मंत्री (श्री हजरनवीस) (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग) : प्रश्न ही नहीं उठते।

पैट्रो-रसायनिक उद्योग तथा हल्दिया की तेल शोधन शाला

208. **श्री दीनेन भट्टाचार्य :**
श्री रानेन सेन :
श्री विश्राम प्रसाद :
श्री सारादीश राय :
श्री राम चन्द्र उलाका :
श्री धुलेश्वर मीना :

क्या **पैट्रोलियम और रसायन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि पैट्रो-रसायनिक उद्योग तथा हल्दिया की तेल शोधक शाला की योजनाओं की प्रगति किस स्थिति में है ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायून कबिर) : पैट्रो-रसायनिक उद्योगों को हल्दिया क्षेत्रमें स्थापित करने का कार्य शोधनशाला की स्थापना के साथ साथ ही किया जायगा ।

प्रारम्भिक कार्य, स्थान का चुनाव कर लिया गया है । कुछ प्रस्थापनायें हल्दिया शोधन शाला के सम्बन्ध में प्राप्त हुई हैं।

University Grants Commission

209. Shri Sidheshwar Prasad : Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the question of reorganisation of the University Grants Commission is under consideration ;

(b) whether a decision in this respect has been taken ; and

(c) if so, the broad features thereof ?

The Minister of Education (Shri M. C. Chagla): (a) to (c). The Committee of Members of Parliament on Higher Education has made certain recommendations in this regard. The same are under consideration.

पूर्व पाकिस्तान में विस्थापित व्यक्तियों की सम्पत्ति

**210. { श्री राम सहाय पाण्डेय :
श्री मुहम्मद इलियास :**

या **पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार यह जानकारी एकत्रित कर रही है कि पूर्वी पाकिस्तान के विस्थापित व्यक्ति कितनी सम्पत्ति पीछ छोड़ आये हैं ?

(ख) यदि हां, तो इस विस्थापित सम्पत्ति का अनुमान क्या है ; और

(ग) क्या भारत सरकार ने पाकिस्तान सरकार से इसके लिए कोई मुआवजा मांगा है ?

पुनर्वास मंत्री (श्री त्यागी) : (क) जानकारी एकट्ठी की जा रही है कि विस्थापितों की कृषि योग्य भूमि पीछ छोड़ी गई कितनी है ताकि उन से भारत में पुनर्वास की ठीक प्रकार के व्यवस्था की जा सके ।

(ख) जानकारी उपलब्ध नहीं है ।

(ग) नहीं ।

Chinese Detenus

**211. { Shri Onkar Lal Berwa :
Shri Vishwa Nath Pandey :
Shri Ram Harkh Yadav :**

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) the number of Chinese detenus in India as on 1st September, 1964 and the names of places where they have been detained ; and

(*b*) the annual expenditure incurred on them ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Hathi): (*a*) The number of Chinese nationals interned in the Central Internment Camp, Deoli, as on the 1st September 1964, is 441. In addition, there are 156 Chinese nationals detained in jails in Assam, West Bengal, Maharashtra and Punjab.

(b) Rupees seven lakhs approximately.

Scientific Talent Search

212. **Shri Onkar Lal Berwa** : Will the Minister of **Education** be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the scheme of competition for the discovery of scientific talent among the students which was introduced first of all by Government in the year 1962-63 in Delhi has now been extended to the whole of the country ;

(b) if so, the number of students selected throughout the country State-wise and the number of students who were called for interview ;

(c) the number of centres set up for this purpose;

(d) the places where the Centres are located ; and

(e) the basis of award of the scholarships and the amount thereof ?

The Minister of Education (Shri M. C. Chagla) : (a) Yes, Sir.

(b) A statement is attached. [Placed in Library. *See* No. L T.—3029/64].

(c) 315 Centres for written Examination and 6 centres for interview ;

(d) In all educational districts headquarters.

(e) The scholarships are awarded on the basis of the results of written tests in Science aptitude test, Essay paper and Project report and an interview. The value of the scholarship is Rs. 50 p.m. for first year and Rs. 75 p.m. for the next two years in a degree course.

विदेशों में भेज गये पिछड़े वर्ग के छात्र

213. { श्री बलजीत सिंह :
श्री गुलशन :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पंच वर्षीय योजना काल के प्रत्येक वर्ष में वर्ष वार कितने छात्रों को अनुसूचित जातियों, अनुसूचित आदिम जातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के लोगों में से चुन कर विदेशों में उच्च शिक्षा के लिए भेजे जाने वाले छात्रों की संख्या क्या है ; और

(ख) उन्हें जिन देशों में भेजा गया उनका नाम क्या है तथा उन्हें किस प्रकार की उच्च शिक्षा दी गयी है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : भारत सरकार की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित आदिम जातियों तथा अन्य पिछड़ वर्गों के छात्रों को विदेशों में शिक्षा के लिए देने वाली छात्रवृत्तियों सम्बन्धी योजना निम्न प्रकार से है :—

(क)

वर्ष	चुने हुए उम्मीदवारों की संख्या			विदेशों में भेजे गये उम्मीदवारों की संख्या			टिप्पण
	अनु० जाति	अनु० आ०	पिछड़े वर्ग	अनु० जाति	अनुआदिम	पिछड़े वर्ग	
1961–62 . .	5	5	4	2	5	2	
1962–63 . .	4	5	4	7	3	6	
1963–64 . .	6	3	5	4	4	2	
1964–65 .	चुनाव नहीं हुआ			कुल लोगों को 1963-64 में चुना गया जो चालू वर्ष में बाहर जायेंगे।			
1965–66 .	चुनाव करने और उम्मीदवारों को बाहर भेजने के बारे में 1965–66 में विचार किया जायेगा।						

(ख)

देशों के नाम जहां उन्हें भेजा गया	उच्च शिक्षा के विषय जिन में जशिक्षा दी गयी
ब्रिटेन और अमरीका	इंजीनियरिंग, डाक्टरी पुरातत्व, समाज शास्त्र, कृषि, मानववाद

पंजाब की शिक्षा संस्थाओं को अनुदान

214. **श्री बलजीत सिंह** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1963-64 और 1964–65 में निरन्तर अनुदान के लिये आवेदन करने वाली पंजाब की शिक्षा संस्थाओं के नाम क्या हैं और

(ख) प्रत्येक के लिए स्वीकृत की जाने वाले अनुदान की राशि क्या है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) और (ख) विवरण संलग्न है [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 3030/64]

माध्यमिक शिक्षा के लिये सर्वेक्षण

215. **श्रीमती रेणु चक्रवर्ती** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या माध्यमिक शिक्षा के लिए सर्वेक्षण करने के हेतु काफी संख्या में योग्य और अनुभवी लोग उपलब्ध नहीं हो रहे हैं ;

(ख) क्या यह ठीक है कि संयुक्त राज्य के स्वास्थ्य शिक्षा और कल्याण विभाग को राष्ट्रीय शिक्षा गवेषणा और परिशिक्षण परिषद् की इस कार्य में सहायता करने को कहा है ;

(ग) केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड ने इस कार्य के लिए, जो माध्यम शिक्षा स्थायी समिति का निर्माण किया था, उसे क्यों समाप्त कर दिया गया ; और

(घ) क्या इस बात की जांच करने की कोई प्रस्थापना है कि हमारा शिक्षा निदेशालय उन विदेशियों पर अधिक आश्रित हो रहा है जो कि यहां विशेषज्ञ का आवरण धारण कर आ रहे हैं ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) और (ख). पी० एल० 480 के अन्तर्गत जो कि राशि अमरीका सरकार से प्राप्त हो रही है उसका 50 प्रतिशत राष्ट्रीय शिक्षा गवेषणा तथा प्रशिक्षण परिषद् की परियोजनाओं पर खर्च हो रहा है। इन परियोजनाओं में से एक परियोजना माध्यम स्कूलों का सर्वेक्षण है। यह कार्य तथा अन्य कार्य उपरोक्त परिषद् बिना किसी विदेशी विशेषज्ञों की सहायता से कर रही है ।

(ग) क्योंकि शिक्षा की सभी दिशाओं की जांच करने के लिये आयोग स्थापित किया गया है, अतः केन्द्रीय सलाहकार बोर्ड ने स्थायी समिति को समाप्त कर दिया है ।

(घ) विदेश सलाहकारों को केवल उन क्षत्रों में ही सहायता के लिये निमन्त्रित किया जाता है जहां कि इन विदेशी तत्वों की सहायता बहुत ही अनिवार्य होती है ।

तेल समवायों का रुपया समवायों में परिवर्तन होना

216. **श्री प्र० चं० बरुआ :**
श्री दे० द० पुरी :
श्री राम चन्द्र उलाका :
श्री धुलेश्वर मीना :

क्या पेट्रोलिम और रसायन मंत्री 25 मार्च 1964 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या 741 के उत्तर के उल्लेख से यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या समवाय अधिनियम के अन्तर्गत बर्मा शैल, कालटेक्स, और एससओ को तेल समवायों को परिवर्तित करने के सम्बन्ध में कोई करार हुआ है; और

(ख) यदि हां तो उसकी शर्तें क्या हैं ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायून कबिर): (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

दिल्ली स्कूलों के लिए पाठ्य पुस्तकें

217. **श्री दे० द० पुरी :** क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह ठीक है कि यद्यपि दिल्ली स्कूलों की नई क्लासें लग गई हैं परन्तु विद्यार्थियो को पाठ्य पुस्तकों की वे सूचियां नहीं दी गई हैं जो कि चालू वर्ष में पढ़ाई जायेंगी; और

(ख) यदि हां, तो इसका कारण क्या है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) नहीं जी । मार्च, 1964 को दिल्ली के शिक्षा निदेशक की ओर से स्वीकृत पाठ्य पुस्तकों की अनुसूची दिल्ली के स्कूलों में वितरण की गई और केन्द्रीय हायर सैकेंडरी शिक्षा बोर्ड के सचिव की ओर से यह सूची अप्रैल, 1964 में परिचालित की गई ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

मैसूर में गैरसरकारी इंजीनियरिंग कालेज

218. **श्री बासप्पा :** क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल ही मैसूर के गैर-सरकारी इंजीनियरिंग कालिजों के कार्यों के विविध अंगों का निरीक्षण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दल ने किया है ; और

(ख) क्या इन कालिजों के वित्तीय संसाधनों को सन्तोषजनक समझा गया है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) कालिजों का निरीक्षण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् की उपसमिति ने किया है ।

(ख) इस समिति के प्रतिवेदन के अनुसार कुछ कालिजों के वित्तीय साधन काफी हैं और कुछ ऐसे भी हैं जो काफी नहीं हैं ।

Indian Dacoits in Pakistan

219. **Shri P. L. Barupal :** Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) the number of notorious dacoits of Rajasthan who have taken refuge in Pakistan ;

(b) whether any communication has been sent to the Government of Pakistan for the return of such dacoits; and

(c) if so, the reply received from the Government of Pakistan ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Hathi) :

(a) 47, Sir.

(b) No.

(c) Does not arise.

टीकमगढ़ (मध्यप्रदेश) में पुरातत्व खोजें

220. { श्री विश्व नाथ पाण्डेय :
श्री बे० ना० कुरील :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सत्य है कि मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में हाल ही ईसा से पूर्व की सातवीं शताब्दी की देवी, देवताओं की मूर्तियां प्राप्त हुई हैं; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

शिक्षा मंत्रालय में सांस्कृतिक-कार्य मंत्री (श्री हजरनवीस): (क) और (ख). हाल ही के वर्षों में टीकमगढ़ जिले में तीन सूर्य मन्दिर खोद निकाले गये। उनमें से दो ईसा से पूर्व की नवम शताब्दी के थे। ये दोनों गांव मानखेड़ा तथा उमरी में निकाले गये और अन्य एक बारागांव गांव में निकाला गया जो 12वीं शताब्दी का था। हिन्दू देवताओं के बुत जिनमें सूर्य देव भी शामिल हैं इन मन्दिरों में थे। प्रयत्न किये जा रहे हैं कि इन मन्दिरों का संरक्षण किया जाय ।

कालीबंगा पर पुरातत्व संबंधी खुदाई

221. { श्री कृष्णपाल सिंह :
श्री प० ला० बारूपाल :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 'स्टेट्समेन' के 23 जुलाई, 1964 को नगर संस्करण में प्रकाशित एक खबर की ओर गया है, जिसमें कालीबंगा जोकि बीकानेर जिले के एक कस्बे हनुमानगढ़ के पास एक गांव है, में हुई खुदाई का उल्लेख है ; और

(ख) यदि हां, तो वहां से क्या निकला है, और उससे अतीत भारत के इतिहास पर क्या प्रकाश पड़ता है ?

शिक्षा मंत्रालय में सांस्कृतिक-कार्य मंत्री (श्री हजरनवीस) : (क) जी हां।

(ख) खुदाई से इस बात पर प्रकाश पड़ा है कि सिंधु सभ्यता के तथा धातु काल के समय में नगरों की सभ्यता क्या थी। ईंटें, घर और तंदूर किस तरह के थे और बर्तन जोकि हरप्पा के बर्तनों से भिन्न थे ।

खुदाई के विशेष रूप से तथ्य ये हैं :—

(1) **सिन्धु घाटी तथा हरप्पा संस्कृति** :

सादे और चित्रित बर्तन, मोहरे, बाट, ब्लेड, कुल्हाड़ियें, छुरिये, तांबे और कांसे के और जो सभी सिन्धु घादी सभ्यता के विशेष थे ।

(2) **सिन्धु घाटी से पूर्व** :

इस समय के बर्तन सजावट और बनावट में हरप्पा के बर्तनों से भिन्न हैं । इसकी विशेषता यह है कि सामान्य काले रंग के साथ सफेद रंग का भी प्रयोग किया

गया है। कुछ जो कोट दीजी के निचले स्तर पर प्राप्त हुई वे हरप्पा के निक्षपों के अवशेष हैं। छोट साइज़ के ब्लेड भी लम्बे हरप्पा ब्लेडों की तरह के हैं। चूड़ियां, कुल्हाड़ियां, सुईयां जो कांसे और तांबे के बने हैं इस बात का सबूत है कि इस समय धातु कर्म का पूर्ण ज्ञान था।

कालीबंगा पर जो भी खोद निकाला गया है उस से पता चलता है कि वह नगर सिन्धु साम्राज्य की गंज्जर घाटी की प्रान्तीय राजधानी था। जैसेकि नीचे की सिन्धु घाटी में हरप्पा, रावी और महन्जोदारो थे।

इटली के अखबार में प्रकाशित पत्र की जांच

222. **श्री कोल्ला वेंकैया :** क्या गृह-कार्य मंत्री 3 जून, 1964 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या 134 के उत्तर के उल्लेख से यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इटली के अखबार "अल बोंजीज़" में छपे पत्र की, जिसमें कि पश्चिम बंगाल, आसाम तथा नागालैंड में सशस्त्र क्रान्ति की योजना के पूरे हो जाने की बात थी, जांच पूर्ण कर ली गयी है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या परिणाम निकाला गया है ?

गृह-कार्य मंत्रालय मे राज्य-मंत्री (श्री हाथी) : (क) और (ख). इटली के अखबार 'अल बोंजीज़' में छपे पत्र की अधिकृतता के बारे में अभी जांच चल रही है।

शोधनशाला करार

223. **श्री प्र० चं० बरुआ :**
श्री स० मं० बनर्जी :

क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बर्मा शैल ने हाल ही में वर्त्तमान शोधनशाला करार में परिवर्तन करने का कोई करार सरकार से किया है ; और

(ख) यदि हां, तो वर्तमान करार की शर्तें क्या हैं ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायूं कबिर) : (क) बम्बई में बर्मा शैल शोधनशाला की स्थापना करने के सम्बन्ध में 1951 के करार में अपेक्षित परिवर्तन करने के बारे में सरकार से बातचीत चल रही है।

(ख) माननीय सदस्यों का ध्यान 28 अगस्त, 1953 को सभा पटल पर रखे गये विवरण की ओर आकृष्ट करवाता हूं।

अन्तर्विश्वविद्यालय बोर्ड की बैठक

224. **श्री रामचन्द्र उलाका :**
श्री धुलेश्वर मीना :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को 29 से 31 दिसम्बर, 1963 को हुई अन्तर्विश्वविद्यालय बोर्ड की

39वीं बैठक की कार्यवाही की रिपोर्ट प्राप्त हुई है ;

(ख) यदि हां, तो वह विस्तार से क्या है ; और

(ग) इस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) केवल बैठक का विवरण प्राप्त हुआ है ।

(ख) बोर्ड की मुख्य सिफारिशों तथा निर्णयों का विवरण सभा पटल पर रखा जा रहा है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी०—3031/64]

(ग) सिफारिशों और निर्णयों पर विचार किया जा रहा है ।

देहाती संस्थायें

225. **श्री रामचन्द्र उलाका ।**
श्री धुलेश्वर मीना :

क्या शिक्षा मंत्री 18 मार्च, 1964 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या 648 के उत्तर के उल्लेख में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार द्वारा दो देहाती संस्थाओं की स्थापना करने की प्रस्थापनाओं पर विचार किया गया है और क्या वर्तमान कृषि विज्ञान पाठ्यक्रम को बढ़ाने का विचार है ; और

(ख) यदि हां, तो विस्तार से योजना क्या है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) और (ख). प्रस्थापनायें अभी भारत सरकार के विचाराधीन हैं ।

भारतीय पेट्रोलियम संस्था, देहरादून

226. **श्री रामचन्द्र उलाका :**
श्री धुलेश्वर मीना :
श्री नि० रं० लास्कर :

क्या शिक्षा मंत्री 6 मई, 1964 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या 1341 के उत्तर के उल्लेख से यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संयुक्त राष्ट्र विशेष निधि की सहायता से देहरादून में भारतीय पेट्रोलियम संस्था, देहरादून में पेट्रो-रसायनिक विभाग की स्थापना किये जाने की प्रस्थापना पर निधि द्वारा विचार किया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो यह विस्तार से क्या है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी हां ।

(ख) संयुक्त राष्ट्र की विशेष निधि की कार्यकारिणी परिषद् ने अपने जून 1964 में हुए 12वें सत्र में भारतीय पेट्रोलियम संस्था, देहरादून में पेट्रो-रसायनिक विभाग 1,083,800 डालर

से चालू करने की परियोजना को स्वीकृति प्रदान कर दी। व्यय का ब्योरा इस प्रकार है :—

विशेषज्ञ	423,800	डालर
फैलोशिप्स	55,000	डालर
सामान	500,000	डालर
मिश्रित व्यय	25,300	डालर
कार्यकारण अभिकर्ता व्यय	70,200	डालर
विशष निधि के सीधे खर्च	9,500	डालर
कुल	1,083,800	अमरीकी डालर
अर्थात्	51.60	लाख रुपये।

रूसी शिक्षा विशारदों का आगमन

227. श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री धुलेश्वर मीना :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :

क्या शिक्षा मंत्री 6 मई, 1964 को पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या 1326 के उत्तर के उल्लेख से यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जिस रूसी शिष्टमंडल ने भारत भर का भ्रमण कर प्रौढ़ शिक्षा की स्थिति का अध्ययन किया था कोई प्रतिवेदन सरकार को प्रस्तुत किया है ;

(ख) यदि हां, तो उस की मोटे तौर पर रूप रेखा क्या है ; और

(ग) उस पर सरकार ने क्या निर्णय किया ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला): (क) नहीं जी, शिष्टमंडल ने किसी प्रतिवेदन की अपेक्षा नहीं की।

(ख) और (ग). प्रश्न उत्पन्न ही नहीं होता।

तकनीकी शिक्षकों का केन्द्रीय एकक

228. श्री धुलेश्वर मीना :
श्री रामचन्द्र उलाका :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तकनीकी शिक्षकों का केन्द्रीय एकक बनाने की योजना को अन्तिम रूप दे दिया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो उसकी सविस्तार रूप रेखा क्या है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) और (ख). योजना का पुनः निर्माण किया जा रहा है ।

दिल्ली के आस-पास के क्षेत्रों का विकास

229. श्री धुलेश्वर मीना :
श्री रामचन्द्र उलाका :
श्री शिव चरण गुप्त :

क्या गृह-कार्य मंत्री 8 अप्रैल, 1964 के तारांकित प्रश्न संख्या 950 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पंजाब और उत्तर प्रदेश स्थित दिल्ली के आस-पास के क्षेत्रों का समेकित विकास सुनिश्चित करने के लिए एक प्राधिकार स्थापित करने के प्रश्न पर इस बीच विचार कर लिया है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) और (ख). यह मामला अभी विचाराधीन है ।

प्रादेशिक तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाएं

230. श्री धुलेश्वर मीना :
श्री राम चन्द्र उलाका :

क्या शिक्षा मंत्री 29 अप्रैल, 1964 के तारांकित प्रश्न संख्या 1240 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रादेशिक तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थायें स्थापित करने के प्रस्ताव के बारे में अब तक नवीनतम कितनी प्रगति हुई है ; और

(ख) इन संस्थाओं का निर्माण-कार्य कब तक पूरा हो जायेगा ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) प्रादेशिक संस्थाओं के प्रिन्सिपलों का चयन किया जा रहा है और प्राथमिक परियोजना ब्यौरा तैयार किया जा रहा है ।

(ख) आवश्यक प्रशिक्षण सुविधाओं की व्यवस्था होते ही संस्थाओं में काम आरम्भ हो जायेगा ।

संघ राज्य-क्षेत्रों में अध्यापकों का वेतन-स्तर

२३१. श्री रिशांग किशिंग : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने संघ राज्य-क्षेत्रों में अध्यापकों के समान वेतन स्तर निर्धारित करने की समभावना का पता लगाने के लिये संघ राज्य-क्षेत्रों के शिक्षा विभाग के प्रतिनिधियों के साथ बात चीत की है;

(ख) यदि हां तो क्या कोई अंतिम निर्णय कर लिया गया है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी, हां इस मामले पर हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा और दिल्ली के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की गयी है ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) इस बातचीत के दौरान दिये गये सुझावों पर विचार किया जा रहा है ।

पंजाब में कालिज

232. **श्री बलजीत सिंह** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पंजाब की राज्य सरकार ने वर्तमान कालिजों में सुविधाएं उपलब्ध कराने और नये कालिज खोलने के लिये मांग की है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या इस प्रार्थना पर इस बीच केन्द्रीय शिक्षा परामर्शदाता बोर्ड की स्थायी समिति ने विचार कर लिया है और यदि हां, तो इसका क्या परिणाम निकला ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी, हां । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने वर्ष 1962 में विद्यमान कालिजों के विकास के लिये ग्राह्य अनुदान मंजूर किया है । नये कालिजों की स्थापना के लिये आयोग कोई अनुदान मंजूर नहीं करता ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

Magazine "Sadachar"

233. **Shri Naval Prabhakar :** Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state :

(a) whether a bulletin "Sadachar" is being started by Government to combat corruption ; and

(b) if so, the number of languages in which the said bulletin will be published ?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Hathi) : (a) Yes, Sir.

(b) For the present in English only.

नागा विद्रोहियों द्वारा नागाओं के मुखिया का अपहरण

234. **श्री प्र० के० देव** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मनीपुर के माओं सब-डिवीजन में दो नागा मुखियाओं का नागा विद्रोहियों ने अगस्त के प्रथम सप्ताह में अपहरण कर लिया था ;

(ख) यदि हां, तो क्या इन नागा मुखियाओं को छोड़ दिया गया है ; और

(ग) मनीपुर में नागा विद्रोहियों की विद्रोहात्मक गतिविधियों को रोकने के लिये क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ग) छिपे हुए नागा नेताओं के साथ हुए कार्रवाई को रोकने के समझौते की शर्तों के अन्तर्गत नागालैंड राज्य में और मनीपुर के उत्तरी सब-डिवीजन में सुरक्षा बलों ने

अपनी कार्रवाइयां रोक दी हैं । जितनी अवधि तक ये शर्तें लागू रहती हैं, इन क्षेत्रों में कोई हिंस्र घटना घटने की आशा नहीं है । अन्य क्षेत्रों में स्थिति के अनुरूप पर्याप्त सुरक्षात्मक कार्रवाइयां की जाती रहेंगी ।

काशी के निकट पुरातत्वीय खुदाई

235. **श्री बसुमतारी :** क्या शिक्षा मंत्री 27 मई, 1964 के अतारांकित प्रश्न संख्या 46 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या काशी के निकट पुरातत्वीय खुदाई के बारे में जानकारी प्राप्त हो गयी है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या इसको सभा पटल पर रखा जायेगा ?

शिक्षा मंत्रालय में सांस्कृतिक-कार्य मंत्री (श्री हजरनवीस) : (क) और (ख). जी, हां ।

पेट्रो-रसायन और उर्वरक के लिये विदेशी सहायता

236. **श्री बासप्पा :**
श्री प्र० चं० बरुआ :

क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्होंने हाल में ही पेट्रो-रासयन और उर्वरक उद्योगों के विकास के लिये भारत के कार्यक्रम में विदेशी सहयोग प्राप्त करने की संभावनाओं का पता लगाने के लिये कई योरोपीय देशों का दौरा किया है ; और

(ख) यदि हां, तो इसका क्या परिणाम निकला ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायून कबिर) : (क) और (ख). जी, हां । मेरे दौरे का उद्देश्य कुछ तो अच्छे सम्बन्ध और सम्पर्क स्थापित करना था और कुछ तेल, पेट्रो-रासयन और उर्वरक के क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं का पता लगाना था । मुझे इन सभी क्षेत्रों में अपने विकास कार्यक्रमों में पर्याप्त रुचि मिली और विदेशी सहायता और सहयोग की संभावना अच्छी है ।

दिल्ली में किंग्सवे का पुनर्विकास

237. **श्री शिव चरण गुप्त :** क्या पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुड़ की मंडी में क्वार्टर बनाने तथा किंग्जवे, दिल्ली का पुनर्विकास करने के लिये अब तक कितनी राशि दी गयी है ;

(ख) इन योजनाओं के लिये वर्ष 1964-65 में कितनी राशि निर्धारित की गई है ; और

(ग) इन योजनाओं में कितनी प्रगति हुई है और वे कब तक पूरी हो जायेंगी ?

पुनर्वास मंत्री (श्री त्यागी) : (क) इन कार्यों के लिये दिल्ली नगर निगम को 31-3-1964 तक निम्नलिखित ऋण दिये गये हैं :—

(एक) गुड़ की मंडी के लिये 4 लाख रुपये (इसमें 3 लाख रुपये भूमि का मूल्य भी शामिल है)

(दो) किंग्सवे कोलोनी के लिये (26·37 लाख रुपये) (इसमें 1·37 लाख रुपये भूमि का मूल्य भी शामिल है)।

(ख) गुड़ की मंडी के लिये 3 लाख रुपये। किंग्सवे कोलोनी के लिये 20 लाख रुपये।

(ग) गुड़ की मण्डी :

बनाये जाने वाले 170 मकान में 77 कमरों की नींव डाली जा चुकी है और लगभग 50 मकान खिड़की तलपट्ट तक तैयार हो चुके हैं। अगस्त, 1965 के अन्त तक कुल 93 मकानों के बन कर पूरा हो जाने की संभावना है। शेष मकानों के बन कर तैयार हो जाने की तिथि के बारे में नहीं कहा जा सकता क्योंकि जिस भूमि पर मकान बनने हैं उसके सम्बन्ध में विवाद चल रहा है।

किंग्सवे कोलोनी :

दिल्ली नगर निगम से अपेक्षित जानकारी मांगी गई है और प्राप्त होते ही सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

भारतीय टेनिस खिलाड़ी

238. **श्री इन्द्रजीत गुप्त** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय टेनिस खिलाड़ी श्री जे० मुकर्जी तथा श्री पी० लाल निजी निमंत्रणों के आधार पर विदेशों में उन देशों की टुर्नामेन्टों में भाग ले रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या अखिल भारतीय लान टेनिस संघ ने उनके विरुद्ध कोई अनुशासनिक कार्रवाई की है;

(ग) क्या संघ ने सरकार से प्रार्थना की है कि उन्हें 'पी' फार्म तथा यात्रा सम्बन्धी अन्य सुविधायें न दी जायें; और

(घ) यदि हां, तो सरकार की इस सम्बन्ध में क्या प्रतिक्रिया है?

शिक्षा मंत्रालय में उपमंत्री (श्री भक्त दर्शन) : (क) जी हां।

(ख) जी, नहीं।

(ग) जी, हां। प्रारम्भ में उन्होंने ऐसा किया था; किन्तु बाद में उन्होंने आपत्ति वापिस ले ली और उनके मामले में सरकार से सिफारिश की।

(घ) अन्ततः खिलाड़ियों को विदेश जाने की अनुमति दी गई।

डेनिश छात्रवृत्तियां

239. **श्री चांडक :** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या डेनमार्क सरकार ने भारतीय विद्यार्थियों को डेनमार्क में शिक्षा प्राप्त करने के लिये कुछ छात्रवृत्तियां दी हैं ;

(ख) यदि हां, तो छात्रवृत्तियों की राशि क्या है, ये कितनी अवधि के लिये और किन शर्तों पर दी जायेगी; और

(ग) वर्ष 1963 और 1964 में कितने विद्यार्थियों को डेनिश छात्रवृत्तियां दी गईं और डेनमार्क में उनके अध्ययन के विषय क्या है ?

शिक्षा मंत्रालय में सांस्कृतिक-कार्य मंत्री (श्री हजरतवीह) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग). डेनमार्क सरकार द्वारा 1960-61, 1961-62 और 1964-65 में दी गई छात्रवृत्तियों के बारे में अपेक्षित जानकारी देने वाला एक विवरण संलग्न है । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिए संख्या एल० टी० 3032/64] वर्ष 1962–63 और 1963–64 में कोई छात्रवृत्ति नहीं दी गई ।

अमरीकी पाठ्य पुस्तकों का पुनर्मुद्रण

240. **श्री विश्वनाथ पाण्डेय :**
श्री राम हरख यादव :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने अमरीकी पाठ्यपुस्तकों के सस्ते पुनर्मुद्रित संस्करण उपलब्ध करने के लिये उन्हें भारत में प्रकाशित करने सम्बन्धी कोई कार्यक्रम तैयार किया है ;

(ख) यदि हां, तो कार्यक्रम का ब्योरा क्या है और भारत में किस प्रकार की पाठ्य पुस्तकें पुनर्मुद्रित की जायेगी ; और

(ग) इस कार्य के लिये कितनी विदेशी मुद्रा की आवश्यकता होगी ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) और (ख). एक भारत–अमरीकी कार्यक्रम के अन्तर्गत पाठ्य पुस्तकों के सस्तें संस्करण, आदर्श कृतियां तथा और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिये विज्ञान, इंजीनियरिंग, मानवशास्त्र और सामाजिक विज्ञान सम्बन्धी उपयोगी सामग्री भारत में प्रकाशित की जा रही है । कार्यक्रम को पी० एल० 480 की निधि से सहायता दी जाती है तथा कम मूल्य वाले संस्करणों का मल्य मौलिक संस्करणों के मूल्य का $\frac{1}{4}$ से $\frac{1}{3}$ मूल्य निर्धारित किया जाता है । विशषज्ञों की सिफारिशों पर एक बोर्ड इन पुस्तकों का चुनाव करता है तथा स्वीकृति देता है और इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अब तक लगभग 104 पुस्तकें प्रकाशित की जा चुकी हैं।

(ग) इन पुस्तकों के प्रकाशन पर अमरीकी प्रकाशकों को इनके मूल मूल्यों का 10 प्रतिशत तक स्वामित्व के रूप में विदेशी मुद्रा देनी पड़ेगी ।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थायें

241. **श्री इ० मयुसूदन राव :** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) खड़गपुर, मद्रास, बम्बई, कानपुर और नई दिल्ली की भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थाओं में इंजीनियरिंग तथा प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में कुल कितने विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं ;

(ख) इन प्रौद्योगिकी संस्थाओं के विभिन्न क्षेत्रों में चार वर्ष में कितने विद्यार्थी दाखिल किये गये ; और

(ग) प्रत्येक क्षेत्र में पाठ्यक्रम कितनी अवधि के लिये होता है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : क) से (ग). जानकारी एकत्रित की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायगी

सदाचार समिति

242. श्री हरि विष्णु कामत :
श्री बागड़ी :
श्री मणियंगाडन :
श्री बाल्मीकी :
श्री अ० सिं० सहगल :
श्री श्याम लाल सर्राफ :
श्री बालगोविन्द वर्मा :
श्री दलजीत सिंह :
श्री बड़े :
श्री द्वारका दास मन्त्री :
श्री द्वा० ना० तिवारी :
श्री दाजी :
श्री गुलशन :
श्री मं० ला० जाधव :
श्री मं० रं० कृष्ण :
श्री विभूति मिश्र :
श्री क० ना० तिवारी :
श्री जसवन्त मेहता :

क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सदाचार समिति तथा सरकार के पारस्परिक सम्बन्धों में हाल में कुछ अनिश्चितता सी आ गई है ;

(ख) यदि हां, तो समिति के वस्तुत: क्या स्थिति है ; और

(ग) यदि इसकी वर्तमान स्थिति में उस स्थिति की तुलना में, जो कि 5 जून, 1964 को थी, कुछ परिवर्तन हो गया है, तो उसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी, नहीं।

(ख) संयुक्त सदाचार समिति के नाम से एक गैर-सरकारी संगठन का 1860 के समिति पंजीयन अधिनियम 21 के अन्तर्गत, जो 1957 के (पंजाब संशोधन) अधिनियम के साथ दिल्ली के संघ राज्य क्षेत्र पर लागू किया गया है, समिति के रूप में पंजीयन किया गया है। श्री गुलजारी लाल नन्दा इस समिति के अध्यक्ष हैं। समिति के उद्देश्य निम्न हैं :—

(1) एक ऐसे सामाजिक तथा नैतिक वातावरण का निर्माण करना जिससे नैतिक मूल्यों तथा चरित्र निर्माण को बढ़ावा मिले। इस लक्ष्य को दृष्टि में रखते हुए नैतिक जागृति तथा सामाजिक अभ्युदय के लिये देश में एक तीव्र तथा व्यापक आन्दोलन करना;

(2) हर प्रकार के भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिये जनता की इच्छा शक्ति तथा सामर्थ्य का विकास करना ;

(3) हर प्रकार के भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिये देश के सामाजिक तथा धार्मिक संगठनों की शक्ति तथा संसाधनों को जुटाना; और

(4) लोगों की सब प्रकार के भ्रष्टाचार से सम्बन्धित शिकायतों को दूर करने में सहायता प्रदान करना तथा इसके प्रयोजनार्थ एक उपयुक्त व्यवस्था स्थापित करना।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

संगीत नाटक अकादमी

243. श्री बृजराज सिंह :
श्री बड़े :

क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि "संगीत नाटक अकादमी" के कार्यकलापों की जांच करने के लिये जो समिति सरकार ने नियुक्त की थी उसने अपना प्रतिवेदन दे दिया है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

शिक्षा मंत्रालय में सांस्कृतिक-कार्य मंत्री (श्री हजरनवीस) : (क) और (ख). एक समिति स्थापित की गई है जिसके निर्देश पद निम्नलिखित हैं :—

(1) अकादमी जिस दिन से बनी है तब से लेकर आज तक किये गये उसके कार्य का मूल्यांकन करना।

(2) चौथी योजना में सम्मिलित करने के लिये अकादमी द्वारा कार्यान्वित किये जाने के लिये नयी मदों तथा योजनाओं का सुझाव देना और वित्त सम्बन्धी आवश्यकता के अनुमानों सहित भावी योजना बनाना; और

(3) इस प्रकार की अन्य सिफारिशें करना जो कि अकादमी के कार्यकरण में सुधार करने के हेतु तथा इसके द्वारा किये जाने वाले कार्यकलापों को दृढ़ता प्रदान करने की दृष्टि से उचित समझी जाएं।

समिति ने अभी तक अपना प्रतिवेदन नहीं दिया है।

दिल्ली विश्वविद्यालय में आधुनिक भारतीय भाषायें

244. **श्री गु० सिं० मुसाफिर :** क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रत्येक आधुनिक भारतीय भाषा का अध्ययन करने वाले (प्रातःकालीन तथा सायंकालीन शिफ्टों में) स्नातकोत्तर विद्यार्थियों की अलग-अलग संख्या कितनी है ;

(ख) विश्वविद्यालय में प्रत्येक भाषा का सर्वप्रथम अध्ययन कब चालू किया गया था ; और

(ग) विश्वविद्यालय में प्रत्येक भाषा पढ़ाने के लिये अलग-अलग (अंशकालिक तथा पूर्णकालिक) कितने शिक्षक हैं तथा वे कब नियुक्त किये गये थे ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) से (ग). अपेक्षित जानकारी देने वाला एक विवरण संलग्न है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिय संख्या एल०/टी० 3033/64**]

गृह कल्याण केन्द्र

245. **श्री गु० सिं० मुसाफिर :** क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकारी कर्मचारियों की कुछ बस्तियों में गृह कल्याण केन्द्र कार्य कर रहे हैं ;

(ख) इस प्रकार के केन्द्रों की संख्या तथा शिक्षकों के वेतन क्रम क्या हैं ;

(ग) इन केन्द्रों का प्रबन्ध किस के हाथ में है ; और

(घ) क्या शिक्षकों को प्रत्येक मास समय पर वेतन नहीं मिलता है और यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) जी, हां।

(ख) इस समय 55 गृह कल्याण केन्द्र चालू हैं जिनका विवरण इस प्रकार है

शिल्प प्रशिक्षण केन्द्र	38
नर्सरी तथा संगीत केन्द्र	8
उत्पादन केन्द्र	9

शिक्षकों को, जो कि अंशकालिक तथा पूर्वकालिक दोनों प्रकार के हैं, 60 रुपये से लेकर 120 रु० तक मानदेय मिलता है।

(ग) इनका प्रबन्ध गृह कल्याण केन्द्रों के संगठक के द्वारा गृह-कार्य मन्त्रालय (कर्मचारी कल्याण संगठन) करता है।

(घ) धन प्राप्त करने में अनुभव की जाने वाली कुछ प्रशासकीय तथा प्रक्रिया सम्बन्धी कठिनाइयों तथा किये गये कार्य के बिलों का भुगतान देर से मिलने के कारण शिक्षकों को कभी-कभी वेतन देर से मिलता है।

निधन सम्बन्धी उल्लेख

OBITUARY REFERENCE

अध्यक्ष महोदय : सभा का कार्य लेने से पहले मैं श्री एस० सी० गुप्त के निधन के बारे में उल्लेख करूंगा । वे केन्द्रीय विधान सभा के सचिव रह चुके हैं और वे 1933 में सेवानिवृत्त हुए । उनका सेवा काल बहुत ही सराहनीय रहा । उनका 87 वर्ष की आयु में 7 सितम्बर, 1964 को कलकत्ता में देहान्त हुआ । उनके एक पुत्र, श्री इन्द्रजीत गुप्त इस सभा के सदस्य हैं । मेरा निवेदन है कि सदस्य उनके सम्मान में कुछ समय के लिये मौन खड़े रहें ।

इसके पश्चात् संसद् सदस्य कुछ समय के लिये मौन खड़े रहे।

(*The Members then stood in silence for a short while.*)

अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर ध्यान दिलाना

CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE.

(1) इण्डियन एयर लाइन्स कारपोरेशन द्वारा अपनी बहुत सी सेवाओं को स्थगित करने के बारे में किया गया कथित निर्णय

श्री हरिश्चन्द्र माथुर (जालौर) : मैं असैनिक उड्डयन मन्त्री का ध्यान निम्नलिखित अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर दिलाता हूं और निवेदन करता हूं कि वे उस बारे में एक वक्तव्य दें :

"इण्डियन एयर लाइन्स कारपरेशन द्वारा अपनी बहुत सी सेवाओं को स्थगित करने के बारे में किया गया कथित निर्णय ।"

असैनिक उड्डयन मंत्री (श्री कानूनगो) : 13 अगस्त, 1964 को कारपोरेशन के प्रबन्धक-वर्ग और इण्डियन कार्मशियल पायलेट्स एसोसियेशन के बीच होने वाली बातचीत के असफल हो जाने के बाद उक्त एसोसिएशन ने 22 अगस्त, 1964 से ड्यूटी और उड़ान के समय की सीमा बंधी लागू कर दी, जिसके परिणामस्वरूप अपने वायुयानों को चलाने के लिए पायलेटों के कम समय तक उपलब्ध होने के कारण इण्डियन एयर लाइन्स कारपोरेशन को सभी कारवेल सेवाएं और कुछ दूसरी सेवाएं बन्द करनी पड़ी हैं ।

संक्षेप में, इन परिसीमाओं के अन्तर्गत एक पायलेट एक दिन में निश्चित घण्टों या एक सप्ताह या एक महीने में निश्चित घण्टों के अतिरिक्त वायुयान चलाने का कार्य नहीं करेगा । उनको उड़ान तथा ड्यूटी के समयों के बीच कुछ विश्राम करने का समय भी दिया जायेगा ।

अध्यक्ष महोदय : यह विवरण कितना लम्बा है ?

श्री कानूनगो : लगभग पांच पृष्ठ का है ।

अध्यक्ष महोदय : यह सभा-पटल पर रख दिया जाये। इस पर कल प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

[**शेष विवरण सभा पटल पर रख दिया गया। (पुस्तकालय में रखा। गया देखिये संख्या एल० टी० 3013/64)**]

सभा पटल पर रखे गये पत्र

PAPERS LAID ON THE TABLE

पैट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस (संशोधन) नियम

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री हुमायून कबिर): मैं तेल क्षेत्र (विनियमन तथा विकास) अधिनियम, 1948 की धारा 10 के अन्तर्गत दिनांक 6 जून, 1964 की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 842 में प्रकाशित (पैट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस (संशोधन) नियम, 1964 की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं।

[**पुस्तकालय में रखी गयी। देखिये संख्या एल० टी० 3014/64**]

भारतीय प्रौद्योगिकीय संस्था, खड़गपुर तथा भारतीय प्रौद्योगिक संस्था, बम्बई के प्रमाणित लेखे

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : मैं प्रौद्योगिकीय संस्था अधिनियम, 1961 की धारा 23 की उपधारा (4) के अन्तर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं :—

(एक) भारतीय प्रौद्योगिकीय संस्था, खड़गपुर के वर्ष 1962-63 के प्रमाणित लेखे उस पर लेखा परीक्षा प्रतिवेदन सहित। [**पुस्तकालय में रखी गयी। देखिये संख्या एल० टी० 3015/64**]

(दो) भारतीय प्रौद्योगिकीय संस्था, बम्बई के वर्ष 1962-63 के प्रमाणित लेखे, उस पर लेखा परीक्षा प्रतिवेदन सहित। [**पुस्तकालय में रखी गयी। देखिये संख्या एल० टी० 3016/64**]

दास आयोग का प्रतिवेदन तथा भारत प्रतिरक्षा (दसवां संशोधन) नियम

गृह-कार्य मत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री हाथी) : मैं निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं :—

(एक) पंजाब के मुख्य मन्त्री सरदार प्रताप सिंह कैरों के खिलाफ लगाये गये आरोपों के बारे में दास आयोग की जांच का प्रतिवेदन। [**पुस्तकालय में रखी गयी। देखिए संख्या एल० टी० 3017/64**)

(दो) भारत प्रतिरक्षा अधिनियम, 1962 की धारा 41 के अन्तर्गत दिनांक 31 जुलाई, 1964 की अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 1097 में प्रकाशित भारत प्रतिरक्षा (दसवां संशोधन) नियम, 1964। [**पुस्तकालय में रखी गयी। देखिये संख्या एल० टी० 3018/64**]

अन्तर्राष्ट्रीय कापीराइट (चौथा संशोधन) आदेश

शिक्षा मंत्रालय में सांस्कृतिक-कार्य मंत्री (श्री हजरनवीस) : मैं कापीराइट अधिनियम, 1957 की धारा 43 के अन्तर्गत दिनांक 2 जुलाई, 1964 की अधिसूचना संख्या एस० ओ० 2351

[श्री हजरनवीस]

में प्रकाशित अन्तर्राष्ट्रीय कापीराइट (चौथा संशोधन) आदेश, 1964 की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं। [पुस्तकालय में रखी गयी। देखिए संख्या एल० टी० 3019/64]

परिसीमन आयोग अधिनियम के अन्तर्गत एस० ओ०

परिसीमन आयोग का आदेश संख्या 8

निर्वाचनों का संचालन (संशोधन) नियम

विधि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री जगन्नाथ राव) : मैं निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं :—

(एक) परिसीमन आयोग अधिनियम, 1962 की धारा 11 की उप-धारा (2) के अन्तर्गत दिनांक 18 जुलाई, 1964 का एस० ओ० 2511। [पुस्तकालय में रखी गयी। देखिए संख्या एल० टी० 3020/64]

(दो) परिसीमन आयोग अधिनियम, 1962 की धारा 10 की उप-धारा (3) के अंतर्गत दिनांक 27 जुलाई, 1964 की अधिसूचना संख्या एस० ओ० 2562 में प्रकाशित मध्य प्रदेश राज्य में संसदीय तथा विधान सभा के निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन निर्धारित करने वाला परिसीमन आयोग का आदेश संख्या ८। [पुस्तकालय में रखी गयी। देखिए संख्या एल० टी० 3021/64]

(तीन) लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 169 की उप-धारा (3) के अन्तर्गत दिनांक 21 अगस्त, 1964 की अधिसूचना संख्या एस० ओ० 2912 में प्रकाशित निर्वाचनों का संचालन (संशोधन) नियम, 1964। [पुस्तकालय में रखी गयी। देखिए संख्या एल0 टी0 3022/64]

लौह अयस्क खनन उद्योग सम्बन्धी केन्द्रीय मजूरी बोर्ड द्वारा की गई पुनरीक्षित सिफारिशों के बारे में सरकारी संकल्प

श्रम और रोजगार मंत्रालय में उपमंत्री (श्री र० कि० मालवीय) : (क) मैं लौह अयस्क खनन उद्योग संबंधी केन्द्रीय मजूरी बोर्ड द्वारा दी गई अन्तरिम मजूरी वृद्धि की पुनरीक्षित सिफारिशों के सम्बन्ध में दिनांक 3 सितम्बर, 1964 के सरकारी संकल्प डब्ल्यू० बी०-2(6)/64 (1) की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं। [पुस्तकालय में रखी गयी। देखिए संख्या एल० टी० 3023/64]

गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयक तथा संकल्पों सम्बन्धी समिति

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS

छियालीसवां प्रतिवेदन

श्री कृष्णमूर्ति राव (शिमोगा): मैं गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों सम्बन्धी समिति का छियालीसवां प्रतिवेदन उपस्थापत करता हूं।

कार्य मंत्रणा समिति

BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

उन्तीसवां प्रतिवेदन

संचार तथा संसद्-कार्य मन्त्री (श्री सत्य नारायण सिंहा) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि यह सभा कार्य मंत्रणा समिति के उन्तीसवें प्रतिवेदन से, जो 8 सितम्बर, 1964 को सभा में पेश किया गया था, सहमत है ।"

अध्यक्ष महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ ।

श्री हरि विष्णु कामत (होशंगाबाद) : यह एक छोटा सा प्रतिवेदन है । समिति ने अविश्वास प्रस्ताव के लिये 20 घण्टे निर्धारित किये हैं । कल आप मुरुड घटना के लिये $2\frac{1}{2}$ घंटे निर्धारित करने के लिये सहमत हो गये थे । अतः मेरा निवेदन है कि ये $2\frac{1}{2}$ घंट 20 घंटों के अतिरिक्त होने चाहियें, अर्थात्, इन दोनों के लिये 2 $2\frac{1}{2}$ घंटे नियत किये जाएं । मेरा यह भी निवेदन है कि $2\frac{1}{2}$ घंटे की चर्चा को वाद-विवाद के बिल्कुल अन्त में न लिया जाये ।

अध्यक्ष महोदय : विरोधी दलों के सदस्य कार्य मंत्रणा समिति के सदस्य हैं । वहां पर सब की सहमति से निर्णय लिया जाता है ।

$2\frac{1}{2}$ घंटे 20 घंटे में शामिल हैं । अतः माननीय सदस्यों के लिये उस प्रश्न को सभा में पुनः उठाना उचित नहीं है । मैं श्री कामत के दूसरे सुझाव के बारे में विचार करूंगा ।

प्रश्न यह है :

"कि यह सभा कार्य मंत्रणा समिति के उन्तीसवें प्रतिवेदन से, जो 8 सितम्बर, 1964 को सभा में पेश किया गया था, सहमत है"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The Motion was adopted.

खाद्य स्थिति के बारे में प्रस्ताव—जारी

MOTION *RE* FOOD SITUATION—*contd.*

अध्यक्ष महोदय : सभा अब श्री चि० सुब्रह्मण्यम् द्वारा 7 सितम्बर, 1964 को प्रस्तुत किये गये निम्नलिखित प्रस्ताव पर आगे चर्चा करेगी, अर्थात् :—

"कि देश की खाद्य स्थिति पर विचार किया जाये ।"

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : मूल प्रस्ताव पर कई स्थानापन्न प्रस्ताव पेश किये गये हैं जो कि पेश नहीं किये जाने चाहिये थे । उनमें से एक श्री गु० सि० मुसाफिर का है ।

अध्यक्ष महोदय : यह आपत्ति इस समय नहीं उठाई जा सकती, जब उस प्रस्ताव को प्रस्तुत समझा गया था ।

श्री स०मो० बनर्जी : वह कल मध्यान्ह पश्चात् ही परिचालित किया गया था । वह प्रस्तुत नहीं किया जाना चाहिये था ।

अध्यक्ष महोदय : इस समय इस को नहीं निकाला जा सकता । इस पर मतदान के समय विचार किया जायेगा ।

श्री हरि विष्णु कामत (होशंगाबाद) : क्या वह आप के सामने सोमवार को या उस के बाद रखा गया था ?

अध्यक्ष महोदय : मेरा अनुमान यह है कि वह बाद में रखा गया था ।

श्री हरि विष्णु कामत : कल स्थानापन्न प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जानी चाहिये थी ।

अध्यक्ष महोदय : मैंने एक के सिवाय सभी स्थानापन्न प्रस्तावों की अनुमति दे दी है ।

श्री हरि विष्णु कामत : क्या आपने यह आदेश दिया है कि कल दिये गये स्थानापन्न प्रस्तावों को अनुमति नहीं दी जायेगी ?

श्रीमती रेणु चक्रवर्ती (बैरकपुर) : मेरा अनुमान है कि मैंने सोमवार को यह बात उठाई थी कि हम में से जिन को समय पर पत्र नहीं मिले थे, अपने स्थानापन्न प्रस्ताव सोमवार को प्रस्तुत करने की अनुमति दी जायेगी । मुझे नहीं मालूम कि हमें मंगलवार को उन्हें प्रस्तुत करने की अनुमति थी अथवा नहीं ।

श्री हरि विष्णु कामत : कल हमने एक स्थानापन्न प्रस्ताव की सूचना दी थी ।

अध्यक्ष महोदय : मैं उस की भी अनुमति दे दूंगा । श्री मौर्य के स्थानान्न प्रस्ताव को भी प्रस्तुत समझा जायेगा । इन सब प्रस्तावों को सदस्यों में परिचालित किया जायेगा ।

श्री स० मो० बनर्जी : यह सब नियम विरुद्ध है ।

अध्यक्ष महोदय : इन्हें प्रस्तुत किया जा चुका है और इन्हें अब नहीं निकाला जा सकता । ऐसा मतदान से पहले ही किया जा सकता है और तब मैं माननीय सदस्य की बात सुनूंगा ।

Shri Radhelal Vyas (Ujjain) : The time for this discussion should be extended.

Shri Onkar Lal Berwa (Kotah). I have yet to speak on it.

Shri P. L. Barupal. (Ganganagar) : The time should be extended.

Mr. Speaker : We shall see how the discussion proceeds.

श्री मौर्य (अलीगढ़) : मैं अपना स्थानापन्न प्रस्ताव प्रस्तुत करता हूं ।

श्री विश्राम प्रसाद (लाल गंज) : मैं अपना स्थानापन्न प्रस्ताव प्रस्तुत करता हूं ।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : (बाढ़) : 1963–64 के सरकारी आंकड़ों के अनुसार खाद्यान्न का उत्पादन लगभग 778 लाख टन हुआ है । लगभग 50 लाख टन बाहर से मंगाया गया है । अत: देश में कुल 828 लाख टन अनाज उपलब्ध था । हो सकता है कि ये आंकड़े बढ़ा चढ़ा कर दिये गये हों,

इसलिये हम उन को 10 प्रतिशत से कम कर देते हैं और गोदामों में खराब होने वाली मात्रा के तौर पर 7½ प्रतिशत की और कटौती कर देते हैं। तब भी देश के प्रत्येक व्यक्ति के लिये एक पौंड प्रति दिन की औसत बैठती है जोकि किसी भी प्रकार कम नहीं कही जा सकती जबकि एक पौंड की औसत में बच्चे तथा रोगी व्यक्ति भी शामिल हैं जो वयस्क व्यक्तियों की अपेक्षा कम अन्न खाते हैं। अतः वर्तमान संकट उत्पादन के कारण उत्पन्न नहीं हुआ है अपितु यह उचित वितरण व्यवस्था के न होने के कारण पैदा हुआ है। 1962 से कीमत बढ़ती चली आ रही हैं। सरकार को उस समय मूल्यों के समानान्तर निर्धारित करने चाहिये थे क्योंकि तब कीमतें लगभग स्थिर हो गई थीं। इस समय मूल्यों में अन्तर इतना अधिक है कि उसे कम नहीं किया जा सकता। अर्थ-शास्त्र का विद्यार्थी रहने के नाते मैं यह कह सकती हूं कि अब ऐसा करना असंभव है। हम कीमतें 1951 अथवा 1952 के स्तर पर नहीं ला सकते। इस समय हमें नये रूप से मूल्यों के समानान्तर निर्धारित करने पड़ेंगे और यह अभी किया जाना चाहिये। जब तक सरकार के पास अन्न का काफी स्टाक नहीं होगा तब तक मूल्यों में स्थिरता लाना असंभव है। उस अवस्था में, राज्य व्यापार की बात करना भी अर्थहीन है। इसलिये विरोधी दल के सदस्यों को अनाज के बाहर से मंगाये जाने पर आपत्ति नहीं करनी चाहिये। सरकार को यह ध्यान रखना चाहिये कि सरकार के पास अनाज का काफी स्टाक रहना चाहिये।

सरकार के आंकड़ों से पता चलता है कि सरकारी अनाज स्टाक 1961 से कम होता जा रहा है। प्रत्येक अन्न मंत्री को पिछले अनुभव से लाभ उठाना चाहिये था। श्री रफी अहमद किदवई का यह विचार था कि सरकार के पास 45 लाख टन अथवा कम से कम 35 लाख टन का स्टाक होना चाहिये ताकि अभाव के समय राज्यों को अनाज उपलब्ध किया जा सके और कीमतों को बढ़ने से रोका जा सके। 1963 के आंकड़ों के अनुसार सरकार के पास केवल एक लाख टन का स्टाक था। इस के बाद के आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। इतने कम स्टाक से सरकार किस तरह स्थिति पर काबू पा सकती है जबकि उत्पादन में भी कोई खास वृद्धि नहीं हुई है। मुझे आधिक्य वाले राज्यों के बारे में चिन्ता नहीं है। हां, उत्तर प्रदेश में जहां उत्पादन का लक्ष्य 25 लाख टन कम रहा है, उत्पादन के इतने अधिक कम होने के कारणों की जांच की जानी चाहिये। कमी वाले राज्यों की स्थिति आधिक्य वाले राज्यों की अपेक्षा पिछले दो, तीन वर्षों से अधिक खराब होती गई है। विशेष कर बिहार में बाढ़, फसल नाशक कीड़ों आदि के कारण उत्पादन नहीं के बराबर हुआ है। यही कारण है कि कमी वाले राज्यों में संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। दोषपूर्ण वितरण व्यवस्था के कारण कुछ राज्यों में अनाज का बहुत अधिक अभाव है जबकि अन्य राज्यों में ऐसी स्थिति नहीं है। वितरण के संकट को दूर करने के लिये सरकार को अनाज के व्यापार में मुख्य भागीदार के रूप में प्रवेश करना चाहिये। निजी व्यापारी, जिन्हें आढ़ती भी कहा जाता है, काश्तकारों के पास जाकर उनसे अनाज खरीद लेते हैं और तब तक उसे अपने पास जमा रखते हैं जब तक अनाज के दाम बढ़ नहीं जाते। दूसरी बात यह है कि वे लोग अपने अनाज को वहां पर ही जा कर बेचेंगे जहां कीमतें सब से अधिक हों। इसलिये परिवहन की अधिक सुविधा न होने के कारण भी उपभोक्ता को असुविधा होती है। हमारी सरकार तानाशाह सरकार नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने पूरे साधन जुटाने की छूट है। मेरा अभिप्राय यह है कि उन व्यापारियों को सरकार अपने आढ़ती के रूप में नियुक्त कर ले और उन के अनुभव से लाभ उठाये। हमें अलग से कोई व्यवस्था करने की आवश्यकता नहीं है। यदि सरकार उन अधिक आकर्षक शर्तों पर नियुक्त करेगी तो वे बड़े बड़े व्यापारियों के एजेंट के बजाय सरकारी एजेंट के रूप में कार्य करना पसन्द करेंगे।

मैं यह भी कहना चाहती हूं कि आज जो स्थिति है उसको देखते हुए राज्य को क्षेत्र में एक मुकाबला करने वाले की हैसियत से आना चाहिये और अच्छे मूल्य निर्धारित करने चाहिये आज तो

[श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा]

वैसे भी कीमतें बहुत ज्यादा हैं और शायद सरकार के लिये यह सम्भव न हो कि वह बहुत आकर्षक मूल्य निर्धारित कर सके । किन्तु उत्पादकों से खाद्यान्न प्राप्त करने के लिये और उन्हें कुछ प्रोत्साहन देने के लिये अधिक मूल्य देना होगा । परन्तु इससे खतरा यह है कि उपभोक्ताओं के हित काफी प्रभावित होंगे । सरकार एकदम मंडी में नहीं जा सकती । मुझे इस बात का हर्ष है कि खाद्य मंत्री ने यह बात कह दी है कि हम तुरन्त राज्य व्यापार के क्षेत्र में नहीं कूद सकते । कुछ ऐसी कठिनाइयां हैं जिसके कारण इस दिशा में सफलता प्राप्त होने की कोई आशा नहीं ।

